तापमान

अधिकतम 38.5 डिग्री

न्यूनतम 29.3 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, गुरुवार 18 जून 2026

## कंपोनेंट ब्लड के लाइसेंस के लिए शुरू हुई प्रक्रिया मशीन लगाने नक्शा तैयार

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में लंबे समय से पड़ा सूखा समाप्त हो गया है। यहां मरीजों की आवश्यकता को ध्यान देते हुए 20 यूनिट खून की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ब्लड बैंक से संबंधित काम के लिए तीन टेक्निशियन भी तैनात किया गया है। यहां कंपोनेंट ब्लड रखने के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है और इसके लिए मशीन लगाने नक्शा तैयार किया जा चुका है।

# खत्म हुआ जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में 'सूखा' 20 यूनिट की व्यवस्था, तीन टेक्निशियन भी तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

सात साल से विभागीय लापरवाही का शिकार हो रहे जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद सुध ली गई है। मरीजों की आपात जरूरतों का ध्यान रखते हुए यहां के ब्लड बैंक में 20 यूनिट रक्त का




इंतजाम किया गया है। होल ब्लड जरूरत के हिसाब से आश्यकता पड़ने पर मरीजों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा यहां तीन लैब टेक्निशियनों की तैनाती की गई है जो ब्लड बैंक से संबंधित कामकाज देखेंगे। इनके द्वारा समय-समय पर ब्लड बैंक के माध्यम से रक्तदान कराया जाएगा, साथ ही आने वाले दिनों में यहां विस्तारित की जाने वाली सुविधा से संबंधित आवश्यक काम को भी पूरा करेंगे। ब्लड की शुरुआत होल ब्लड के लाइसेंस के आधार पर की गई थी। अब एक तरह के इसके उपयोग को समाप्त करने की तैयारी है। मरीजों को आवश्यकता के अनुसार पूरा रक्त देने के बजाए कंपोनेंट ब्लड यानी उसकी जरूरत के मुताबिक घटक देने की व्यवस्था की जा रही है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### अस्पताल में तैनात होंगे मददगार

*जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को भटकना ना पड़े। इसके अलावा भर्ती होने वाले मरीजों को आवश्यक जांच या अन्य जरूरी कार्यों के लिए इधर-उधर भटकना ना पड़े। इसके लिए अस्पताल में मददगार की तैनाती की तैयारी की जा रही है। साथ ही जरूरत के हिसाब से यहां स्टॉफ की कमी दूर करने के लिए भी योजनाओं पर काम शुरू किया गया है। एमसीएच कालीबाड़ी में भी स्टोरेज का लाइसेंस लेने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी।*

### रक्तदान पर भी जोर

*स्वास्थ्य विभाग ने अधिक से अधिक रक्त की व्यवस्था के लिए रक्तदान पर जोर दिया है। इसके लिए विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बनाए गए ब्लड स्टोरेज को सक्रिय रखने के साथ वहां रक्तदान शिविर का लगातार आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ अन्य प्राथमिक स्तर के हेल्थ सेंटरों में यह व्यवस्था बनाने की हिदायत संबंधित स्टॉफ को दिया गया है।*

### जरूरत पर मिलेगा

*ब्लड बैंक में रक्त की व्यवस्था की गई है जो आवश्यकता के अनुसार मरीजों को उपलब्ध कराया जाएगा। कंपोनेंट ब्लड के लिए भी लाइसेंस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ब्लड बैंक में कामकाज के विस्तार के लिए तीन कर्मचारियों की तैनाती की गई है।*

*- डॉ. बीके सिन्हा*
*सिविल सर्जन, जिला अस्पताल*

## खबर संक्षेप

### गांजा तस्करी की आरोपी को कैद के साथ जुर्माना

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व गांजा तस्करी करने के आरोप में पकड़ी गई महिला को विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट ने 10 वर्ष कैद के साथ एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने शकीला बानो को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 18 फरवरी 2022 को ईदगाह भाठा हिंद स्पोर्टिंग ग्राउंड के पास से पांच किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था।

### वनकर्मियों की अनदेखी पर आंदोलन की चेतावनी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ ने वनकर्मियों के हितों की अनदेखी पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत दुबे ने बयान जारी कर कहा है कि विभाग में रिक्त पदों की भर्ती करने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुनः नियोजित करने के प्रस्ताव का विरोध करता है। संघ के अध्यक्ष के अनुसार रिक्त पदों की भर्ती करने विभाग नई भर्ती निकाले या दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को विभाग नियमितीकरण करते हुए रिक्त पदों की कमी पूर्ति करे। उन्होंने वनरक्षक, वनपाल और उप वनक्षेत्रपाल के लिए लागू की जा रही बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को पूरी तरह से अव्यावहारिक बताया है। प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि मैदानी कर्मचारी चैबीसों घंटे घने जंगलों में नेटवर्क विहीन क्षेत्रों और दुर्गम वन्यजीव इलाकों में ड्यूटी करते हैं। जंगल की सुरक्षा वन्यप्राणी संरक्षण और तस्करों को पकड़ने की कोई निश्चित समय-सीमा नहीं होती।

### गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के नार्थ जोन के उरला, पंडरी पुलिस ने गांजा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाकर साढ़े 13 किलो के करीब गांजा के साथ चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उरला थाने की पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में उत्तरप्रदेश, झांसी के रहने वाले आकाश रायकवाड़ और धीरज रायकवाड़ को गिरफ्तार किया है। एक अन्य प्रकरण में संतराम निषाद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पंडरी पुलिस ने कमलेश पटेल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी आरोपी गांजा बेचने की फिराक में ग्राहक तलाशते पकड़े गए हैं।

### अस्पताल से महिला डॉक्टर का लैपटॉप चोरी

**रायपुर।** मौदहापारा थाना में आंबेडकर अस्पताल की एक महिला डॉक्टर ने अज्ञात के खिलाफ ऑपरेशन थिएटर से लैपटॉप चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डॉ. अदिति दीवान ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला डॉक्टर ने पुलिस को बताया है कि 13 दिन पूर्व चार जून को वे ड्यूटी के दौरान कैंसर सर्जरी के आपरेशन थिएटर में थीं। दोपहर करीब तीन बजे उन्होंने अपना एप्पल कंपनी का लैपटाप आपरेशन थिएटर के टेबल पर रखा था। शाम करीब छह बजे वे ऑपरोशन थिएटर से बाहर निकलीं, तो उनका लैपटॉप गायब था। काफी प्रयास के बाद लैपटॉप नहीं मिलने पर थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराने पहुंची।

मामला माधव राव स्प्रे स्कूल का, विरोध-प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने दिया आश्वासन

# कला व वाणिज्य पढ़ाने शिक्षक नहीं, प्राचार्य ने स्कूल छोड़ने कहा, धरने पर बैठ गए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के प्रतिष्ठित विद्यालयों में गिने जाने वाले माधव राव स्प्रे स्कूल में बुधवार को छात्र धरने पर बैठ गए। इसके पश्चात वे प्रदर्शन करने कलेक्टोरेट चले गए। उनका प्रदर्शन तब तक जारी रहा, जब तक उन्हें यह आश्वासन नहीं मिला कि उनकी पढ़ाई विद्यालय में विधिवत जारी रहेगी तथा उन्हें स्कूल से नहीं निकाला जाएगा। दरअसल, यहां कला एवं वाणिज्य संकाय के छात्रों को यह कहकर शाला छोड़ने कह दिया गया कि इन विषयों की पढ़ाई करवाने कोई शिक्षक नहीं है। इन विद्यार्थियों में से अधिकतर ने 11वीं कक्षा तक की पढ़ाई इसी स्कूल से की है। एक दिन पहले ही शाला प्रवेशोत्सव के अंतर्गत तिलक लगाकर विद्यार्थियों का स्वागत किया गया था।

माधव राव सप्रे विद्यालय को स्वामी आत्मानंद विद्यालय योजना में शामिल किया गया था। यहां हिंदी व इंग्लिश दोनों ही माध्यम से पढ़ाई होती है। विद्यालय में इंग्लिश विषय में अध्यापन कार्य के लिए शिक्षक हैं, लेकिन हिंदी विषय में पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं हैं। हिंदी माध्यम के अंतर्गत कला संकाय में 27 तथा कॉमर्स में 28 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

### दो वर्ष पहले खुले अंग्रेजी माध्यम के लिए शिक्षक, लेकिन हिंदी माध्यम में अध्ययन सुविधा नहीं




### बीते वर्ष सितंबर में मिले थे शिक्षक

इंग्लिश माध्यम के सभी संकायों अर्थात कला, वाणिज्य, गणित व बायो के लिए शिक्षक हैं। जबकि हिंदी माध्यम के अंतर्गत केवल बायो और गणित के ही शिक्षक हैं। प्रथम दिवस प्रवेशोत्सव के बाद जब छात्र दूसरे दिन पढ़ने पहुंचे तो उन्हें यह कहा गया कि आर्ट्स व कॉमर्स पढ़ाने के लिए टीचर नहीं हैं और वे अपनी टीसी लेकर कहीं और प्रवेश ले लें। छात्रों ने हरिभूमि से विशेष बातचीत में बताया कि जब वे 11वें कक्षा में अध्ययनरत थे, तब भी उन्हें शिक्षक सितंबर माह में ही मिल सके थे। इस तरह से उनकी पढ़ाई तीन माह विलंब से प्रारंभ हुई थी।

### कई बार लिख चुके खत

छात्रों के प्रदर्शन पश्चात एनएसयूआई भी प्रदर्शन करने पहुंची। इस पर शाला प्रबंधन ने कहा कि उनके द्वारा कलेक्टर कार्यालय और जिला शिक्षा कार्यालय को कई बार खत लिखा जा चुका है। किसी तरह की व्यवस्था नहीं होने के बाद छात्रों को अन्यत्र प्रवेश लेने कहा गया। इसके बाद एनएसयूआई छात्रों को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंची। यहां नव नियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी एमजी सतीश कुमार भी पहुंचे। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षक की कमी के कारण किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर कलेक्टर फंड एवं डीएम फंड के माध्यम से शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी। प्रभारी महासचिव हेमंत पाल द्वारा हुए प्रदर्शन के दौरान मेहताब हुसैन, गावेश साहू, वैभव मुजेवर, अंकित बंजारे अर्सलान, मॉरिसन, साहिल सिंह सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मानसून पर बन रही उम्मीद, देर रात शहर में हुई बारिश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निष्क्रिय हो चुके मानसून के पुनः सक्रिय होकर आगे बढ़ने की उम्मीद बन रही है। राजधानी में बुधवार शाम विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग असर के साथ बारिश हुई। इसकी गतिविधि दो दिन बाद बढ़ने के आसार बन रहे हैं, जिससे मानसून के छत्तीसगढ़ आने की संभावना बढ़ रही है। बुधवार को वातावरण में मौजूद 70 फीसदी नमी की वजह से उमस भरी गर्मी ने हलाकान कर दिया।

- दो दिन बाद वर्षा का दायरा बढ़ने के आसार

जल्दी आने वाला मानसून अब तक छत्तीसगढ़ नहीं पहुंचा है। इसके आने की संभावना एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही है। अनुमान लगाया जा रहा है, देश में 20 के बाद बारिश की गतिविधि बढ़ेगी। इस दौरान राज्य की सीमा पर ठहरा मानसून भी आगे बढ़कर छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर सकता है। अभी राज्य जो अलग-अलग क्षेत्रों में जो वर्षा हो रही है, उसका प्रभाव भी अलग-अलग है। बस्तर में वन बहुल इलाका होने के कारण बरसात हो रही है। उत्तरी इलाके में मौजूद सिस्टम वर्षा का कारण बन रहा है। मध्य इलाके में अभी गर्मी और उमस की समस्या बनी हुई है।

## एकाउंटेंट से 10 लाख की लूट के पीछे कर्मचारी ही, दो ओडिशा भागे



अपने रिश्ते के भाई तथा एक अन्य के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के सेरीखेड़ी के पास मंगलवार देर शाम कंस्ट्रक्शन कारोबारी के अकाउंटेंट से 10 लाख रुपए लूट के आरोप में पुलिस ने कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले एक कर्मी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पुलिस ने लूट की रकम 9.70 लाख रुपए जब्त कर लिया है। लूट की घटना में शामिल दो अन्य बदमाश ओडिशा भाग गए हैं, जिनकी पुलिस जल्द पतासाजी कर गिरफ्तार करने की बात कह रही है। कारोबारी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### कई जगह मिले संदिग्धों के फूटेज

लूट की घटना शाम साढ़े छह से सात बजे के बीच हुई थी। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने जिस रूट से विद्यासागर पैसा लेकर निकला था। उन रूट पर लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की। बताया जा रहा है, लूट करने वाले बदमाशों के पुलिस को समता कालोनी से सेरीखेड़ी के बीच कई जगह फूटेज मिले। लूट की घटना में शामिल बदमाश सी-ग्रीन कलर के स्कूटर पर सवार थे। एक बदमाश अपने मुंह को लाल रंग के स्कार्फ में ढंका था, सफेद रंग की शर्ट के साथ काले रंग की पैंट पहने हुआ था।

### पुलिस को चकमा देने भागे ओडिशा

लूट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों ने रकम दिनेश को देने के बाद कुछ रकम अपने साथ रख ली। पुलिस को गुमराह करने नवा रायपुर से अभनपुर के रास्ते ओडिशा की ओर फरार हो गए। बदमाशों ने लौटने के बाद आपस में रकम का बंटवारा ▶▶|शेष पेज 13 पर

### दोपहर को पता चल गया था लेबर पेमेंट होना है

कैलाश अग्रवाल का नवा रायपुर में कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। घटना दिनांक को लेबर पेमेंट की जानकारी दिनेश को दोपहर को ही मिल गई थी। इसके बाद वह विद्यासागर पर नजर रखने लगा और इसकी जानकारी उसने अपने दो अन्य साथियों को दे दी। इसके बाद दिनेश के दोनों साथी समता कालोनी में कैलाश के ऑफिस के आसपास मंडराने लगे। शाम के समय विद्यासागर जैसे ही रकम लेकर नवा रायपुर जाने निकला। दोनों बदमाशों ने 10 किलोमीटर पीछा करने के बाद नवा रायपुर जाने वाले मार्ग पर सेरीखेड़ी ब्रिज के पास विद्यासागर की बाइक रोक ली। चाकू की नोक पर रकम लूट कर नवा रायपुर की ओर भाग गए।

*रायपुर जिले के 25 केंद्रों में शामिल होंगे 9 हजार 50 छात्र*

## बेइमान मौसम...नीट केंद्रों में रखे जाएंगे जनरेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पेपर लीक होने के बाद दोबारा आयोजित होने जा रहे नीट के लिए कई स्तर पर तैयारी की जा रही है। 21 जून को नीट पुनःपरीक्षा आयोजित होगी। इसके लिए रायपुर जिले में 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में 9 हजार 50 छात्र शामिल होंगे। प्रदेश में प्री मानसून गतिविधियां प्रारंभ हो गई हैं। अंधड़, बदली-बारिश के कारण कई बार बिजली भी चली जाती है। इसलिए सभी परीक्षा ▶▶|शेष पेज 13 पर

- प्रश्नपत्रों के लिए केंद्र में ही बनाए जाएंगे स्ट्रांग रूम, तैनात रहेगी मेडिकल टीम




### 30 मिनट पूर्व बंद होंगे मुख्य द्वार

प्रत्येक केन्द्र में मेडिकल टीम एवं फ्रिस्किंग टीम की बैठने होगी। रायपुर जिले के 25 केंद्रों में शामिल होने वाले 9500 छात्रों में 3 हजार 3 सौ 48 पुरूष, 5 हजार 6 सौ 65 महिला एवं 37 दिव्यांग विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश आधे घण्टे पहले 1:30 बजे तक दिया जाएगा तत्पश्चात प्रवेश द्वारा बंद कर दिया जाएगा। संत कंवरराम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, शासकीय प्राथमिक शाला बैरन बाजार, छत्तीसगढ़ कॉलेज, प्रो.जेएन पांडे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित कई शासकीय विद्यालयों का कलेक्टर ने निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर ग्रामीण एसपी श्वेता सिन्हा, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा एवं कमिश्नर एसपी राहुल देव शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थिति रहे।

## जुर्माना अदा करते ही अमृतसरी रेस्टारेंट की निगम ने खोली सील

### संचालक ने सफाई व्यवस्था को लेकर शपथपत्र दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरघड़ी चौक स्थित हॉटल अमृतसरी के संचालक द्वारा नगर निगम को 1 लाख रुपए का जुर्माना अदा करने और स्वच्छता को लेकर शपथपत्र देने के बाद सील खोली गई। इससे पहले नगर निगम जोन 4 की टीम ने दो दिन पहले हॉटल अमृतसरी रेस्टारेंट को सील किया था। यहां हॉटल में गंदगी की स्थिति ये थी कि बिरयानी से भरा मटका बाथरूम के पास मिला था। इसके साथ ही कई साल का बकाया कर नहीं चुकाने और सफाई में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर सील किया था। यह कार्रवाई नगर निगम उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा,



स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही और जोन 4 कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी में की गई थी। हालांकि सालों से बकाया टैक्स की राशि को लेकर निगम प्रशासन की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है। होटल संचालक द्वारा बकाया टैक्स की राशि का भुगतान नगर निगम को कर दिया गया है।

कलेक्टर के निर्देश पर की गई कार्रवाई

# 6 कृषि केंद्रों में छापा, एक निलंबित, 3 में बिक्री पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में आधा दर्जन कृषि केंद्रों में विभाग ने छापेमारी कार्रवाई की। इस कार्रवाई के बाद सभी प्रकरणों की जांच रिपोर्ट कलेक्टर गौरव सिंह को भेजी गई। इन प्रकरणों में कलेक्टर ने अब जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। इसके तहत एक कृषि केंद्र का उर्वरक बिक्री लाइसेंस निलंबित किया है, वहीं 3 केंद्रों में बिक्री पर रोक लगाई गई है, जबकि एक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अन्य एक प्रकरण में अवैध रूप से उर्वरक बेचा जा रहा था, जिसमें बड़ी मात्रा में उर्वरक जब्ती बनाया था। यह मामला अभी कलेक्टर के समक्ष लंबित है। संभावना जताई जा रही ▶▶|शेष पेज 13 पर

### सुंदरम बीज भंडार लखौली का लाइसेंस निलंबन

कृषि विभाग की टीम ने आरंग विकासखंड अंतर्गत ग्राम लखौली स्थित मेसर्स सुंदरम बीज भंडार केंद्र में छापा मारा था। इस दौरान केंद्र के गोदाम से अवैध रूप से बड़े पैमाने पर उर्वरक भंडारण किया जाना पाया था। इसके अलावा केंद्र में गाइड लाइन के तहत कई कमियां भी पाई गईं, यहां तक कि उर्वरक के स्टॉक, बिक्री आदि से संबंधित रजिस्टर भी मेंटेंन नहीं किया था। इस प्रकरण में जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर ने सख्ती दिखाते हुए भंडार केंद्र का लाइसेंस निलंबित किया।



### कलेक्टर को प्रतिवेदन सौंपा गया है

*छापामारी कार्रवाई के बाद सभी प्रकरणों में जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपा गया है। कलेक्टर के निर्देश पर इनमें से एक प्रकरण में लाइसेंस निलंबन एवं 3 प्रकरण में बिक्री पर रोक लगाई गई है।*

*- सतीश अवस्थी, उप संचालक*
*कृषि विभाग रायपुर*

### इन कृषि केंद्रों में बिक्री पर लगी रोक

विभागीय टीम ने धरसींवा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंडरभट्ठा में संचालित प्रयाग कृषि केंद्र, आरंग के ग्राम लखौली में इंदु कृषि सेवा केंद्र तथा अभनपुर के ग्राम रवेली स्थित मिश्रा कृषि केंद्र में दबिश दी थी। इस दौरान इन सभी केंद्रों में भी नियम के तहत उर्वरक बिक्री नहीं पाई गई थी, साथ ही बिल बुक संधारित नहीं मिला था। कलेक्टर ने इन तीनों के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के खंड 8 का उल्लंघन के तहत कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से बिक्री पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

### इन कृषि केंद्रों में बिक्री पर लगी रोक

विभागीय टीम ने धरसींवा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंडरभट्ठा में संचालित प्रयाग कृषि केंद्र, आरंग के ग्राम लखौली में इंदु कृषि सेवा केंद्र तथा अभनपुर के ग्राम रवेली स्थित मिश्रा कृषि केंद्र में दबिश दी थी। इस दौरान इन सभी केंद्रों में भी नियम के तहत उर्वरक बिक्री नहीं पाई गई थी, साथ ही बिल बुक संधारित नहीं मिला था। कलेक्टर ने इन तीनों के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के खंड 8 का उल्लंघन के तहत कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से बिक्री पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। इसके बाद से इन केंद्रों में बिक्री बंद है।

## खबर संक्षेप

### बैहार में मनाया गया संत कबीर का प्रकट्य उत्सव

**आरंग।** सद्गुरु कबीर धरमदास साहेब सत्संग समिति, आमिन माता महिला मंडली, कबीरपंथ समाज एवं समस्त बैहारवासियों द्वारा रविवार को सद्गुरु कबीर साहेब का 628वां प्रकट्य उत्सव श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ बैहार में मनाया गया। इस भव्य आयोजन के दौरान पूरा गांव आध्यात्मिक रंग में रंगा रहा तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत कलश शोभायात्रा से हुई, जो गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्त भजन-कीर्तन करते हुए कबीर साहेब के संदेशों का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। आयोजित सद्गुरु कबीर साहेब सत्संग समिति भवन में गुरु महिमा पाठ, ध्वजारोहण, सात्विक यज्ञ, चौका आरती महंत विशाल दास साहेब के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। साथ ही सामूहिक प्रार्थना कर सत्य, मानवता और भाईचारे के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इसके बाद विशाल भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के **पदाधिकारी एवं सदस्यगण :** मनमोहन गुप्ता, भूषण साहू, बल्लू नारायण साहू, लोकनाथ साहू, प्रभु साहू, ईश्वर साहू, मनसुख साहू, दिनेश्वर साहू, रमेश साहू, केशव साहू, तिजुराम साहू, भाऊलाल साहू, भावेश मानिकपुरी, कांमता मानिकपुरी, बालकदास मानिकपुरी, बसंत यादव आदि सभी सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। इस सफल आध्यात्मिक आयोजन के माध्यम से समाज में एकता, सद्भाव और मानवता का संदेश प्रसारित किया गया।

### नवयुक्त प्राचार्य का स्वागत शिक्षकों ने किया स्वागत



**आरंग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भिलाई में नव नियुक्त प्राचार्य पुष्पा निषाद का संकुल समन्वयक जितेन्द्र शुक्ला, वरिष्ठ व्याख्याता अंजना मसीह एवं संकुल के प्रधान पाठकों द्वारा स्वागत किया गया। पुष्पा निषाद पूर्व में सहायक संचालक, राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा में पदस्थ थीं। उन्होंने 11 जून को प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया। तदुपरांत 15 जून को, 16 जून से विद्यालय खुलने के पूर्व सभी प्रधान पाठकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में शाला की साफ-सफाई, अध्ययन-अध्यापन, मध्यान्ह भोजन, शाला प्रबंधन समिति के गठन एवं समस्त 18 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से कीर्ति कुमार परमाल, खम्मन लाल साहू, तृप्ति शर्मा, सुशील आवड़े, डोमनलाल डहरिया, गुरुचंद पारधी, दानेन्द्र साहू, लिपिक घनश्याम साहू एवं सोनल मनहर आदि उपस्थित रहे।

### मंत्री खुशवंत गुरु से की भाजयुमो ने मुलाकात



**मंदिर हसौद।** युवा मोर्चा अध्यक्ष रामकुमार बैस के नेतृत्व में युवा मोर्चा मंदिर हसौद मंडल के कार्यकर्ताओ ने आरंग विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी से उनके निवास पर भारतीय जनता युवा मोर्चा, मंदिर हसौद मण्डल की टीम ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मंदिर हसौद मण्डल के विकास, जनसमस्याओं तथा क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत से चर्चा हुई। मंत्री ने सकारात्मक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए क्षेत्र के विकास हेतु अपने सहयोग एवं समर्थन का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला महामंत्री लुकेश साहू , पूर्व मण्डल अध्यक्ष भूपेश साहू , मण्डल अध्यक्ष रामकुमार बैस , महामंत्री चंद्रशेखर साहू (बसंत) , महामंत्री सिद्धार्थ पाठक , आयुष्मान शर्मा , मिथलेश पटेल , लोकेश वर्मा , मुकेश निर्मलकर , टेकराम साहू , उपेंद्र माण्डले , कोमल सिन्हा , गोविंद वैष्णव राजू बंजारे , पीतांबर निषाद , गजाधर बैंस ,निवतन साहू , आयुष दुबे , राघवेंद्र वर्मा , राहुल साहू जी, ऋषभ यादव , उमेश कुंभकार एवं युवा मोर्चा के सभी साथीगण उपस्थित रहे।

### निधन

#### अर्जुन पटेल

**आरंग।** बुधवार को पारागांव निवासी 48 वर्षीय अर्जुन पटेल का आकाशीय बिजली के चपेट में आने से निधन हो गया। वे सुरेश और नरेश पटेल के भाई व योगेश, मोती पटेल के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



# माटी कला के विकास के लिए समोदा और आरंग में बनेंगे ग्लेजिंग यूनिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



नगर पंचायत समोदा में कुम्भकार समाज हेतु शासन के ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत छ.ग. माटीकला बोर्ड द्वारा माटीशिल्पियों के कलात्मक सृजनता के संरक्षण एवं संवर्धन करने का सतत प्रयासशील प्रयास है। माटीशिल्पियों को उचित अवसर एवं पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराकर उनकी प्रतिभाओं को निखारना एवं उनकी भावी पीढ़ी को इन कलाओं से परिचित कराकर योग्य शिल्पी बनाना है। माटीशिल्पियों को माटीशिल्प, टेराकोटा की गुणवत्ता सुधार तथा मूल्य वृद्धि हेतु उन्नत प्रशिक्षण तकनीकी डिजाइन कार्यशाला, इंटीग्रेटेड डिजाइन बनाने हेतु ग्लेजिंग यूनिट की माध्यम से प्रदाय की जायेगी। जिससे शिल्पियों को निरंतर रोजगार मिलेगी तथा उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति सुदृढ़ तथा गरीबी रेखा ऊपर जीवन यापन करने योग्य होगा। ग्लेजिंग यूनिट के माध्यम से माटीशिल्पकार हमारे प्राचीन संस्कृति को बनाये रखते हुए शिल्प के क्षेत्र में नये-नये आयामों को जोड़कर बाजार मांग के अनुरूप उत्पादन कर प्रदर्शनी एवं एम्पोरियम के माध्यम से विक्रय कर प्रदेश, देश एवं विदेश में भी पहचान बनाने में कुम्भकार समाज समोदा की महत्वपूर्ण योगदान होगी।

ग्लेजिंग यूनिट की स्थापना हेतु 16 जून को कलेक्टर रायपुर के आदेशानुसार कुम्भकार समाज के लिए आरक्षित भूमि खसरा नं. 1221, रकबा 0.3100 हे. स्थानांतरित भूमि को छ.ग. माटीकला बोर्ड के महाप्रबंधक श्री साकेत कुमार राजपूरिया सर को तहसीलदार समोदा के निर्देशानुसार पटवारी ह.नं. 16 श्री गेन्द्रे द्वारा चिन्हांकन कर पट्टा पंचनामा तैयार कर कब्जा/आदिपत्य दिया गया। इस अवसर पर कुम्भकार समाज के आनन्दराम चक्रधर, अवधराम कुम्भकार, शेषनारायण चक्रधारी (वार्ड पार्षद), यादराम चक्रधारी (अध्यक्ष), रामजी चक्रधारी, लक्ष्मीचंद चक्रधारी, पंचराम, शुकलराम, मथुरा प्रसाद, गम्भीर, दाउलाल, मनीराम, मेघनाथ, युवक, पंचराम, पीलराम, नारायण, नैमीचंद, देहराम, कांतीलाल चक्रधारी इत्यादि लोग उपस्थित थे। छ.ग. शासन के इस प्रयोजन से कुम्भकार समाज समोदा में काफी हर्ष व्याप्त है।

## रहवासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, की कड़ी कार्रवाई की मांग

# कॉलोनाइजर की मनमानी से श्रीराम विहार में 11 साल बाद भी बुनियादी सुविधाएं नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



श्रीराम विहार कॉलोनी के रहवासियों ने कॉलोनी के कॉलोनाइजर एवं अर्थव इन्वेस्टमेंट के संचालक अखिल द्वारकानी के खिलाफ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आरंग को शिकायत सौंपकर कॉलोनी का अवैध विस्तार किए जाने, वादा की गई सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने तथा कथित अवैध वसूली के आरोप लगाए हैं।

रहवासियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि वर्ष 2015 में स्थापित श्रीराम विहार कॉलोनी में प्लॉट खरीदने के दौरान कॉलोनाइजर द्वारा मॉडर्न क्लब हाउस, अंडरग्राउंड ड्रेनेज, 24 घंटे पेयजल आपूर्ति, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, बाउंड्री वॉल एवं सुरक्षा गार्ड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था। साथ ही कॉलोनी का हैंडओवर निर्धारित समय में कॉलोनी समिति को सौंपे जाने की बात भी कही गई थी।

**11 साल बाद भी नहीं मिल रहीं सुविधाएं** : आरोप है कि लगभग 11 वर्ष बीत जाने के बाद भी अधिकांश सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। रहवासियों का शिकायत पत्र में आरोप है कि हाल ही में कॉलोनी की बाउंड्री वॉल को तोड़कर बिना रहवासियों की सहमति और आवश्यक अनुमति के लगभग 12 से 15 एकड़ अतिरिक्त भूमि में प्लॉटिंग का कार्य किया जा रहा है। इससे कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था और मूल स्वरूप प्रभावित होने की आशंका जताई गई है।

शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि प्लॉट विक्रय के दौरान प्रति प्लॉट करीब 1 लाख 10 हजार रुपये अतिरिक्त रूप से लिए जाते हैं, जिसकी विधिवत रसीद भी प्रदान नहीं की जाती। रहवासियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार कॉलोनाइजर से चर्चा का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया गया। कॉलोनीवासियों ने एसडीएम से पूरे मामले की जांच कर अवैध प्लॉटिंग पर तत्काल रोक लगाने, कॉलोनाइजर के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने और कॉलोनी में वादा की गई सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है।

वहीं इस मामले में कैलोनिनाइजर अखिल द्वारकानी ने इन आरोपों को निराधार बताया है उन्होंने कहा कि कॉलोनी का निर्माण रेरा और टीएनसी के नियमों के अनुसार हुआ है जिन सुविधाओं का उल्लेख रेरा में पंजीयन के समय हुआ था वह सभी सुविधाएं कॉलोनी में दिया जा रहा है अतिरिक्त पैसों की मांग के मुद्दे पर उन्होंने आरोपी को बेबुनियाद बताया है।इस संबंध में शिकायत की प्रतिलिपि मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद आरंग को भी भेजी गई है।

# बोआई की तैयारी किसानों ने की पर वर्षा अभी तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

जून का आधा महीना बीतने के बावजूद छत्तीसगढ़ में मानसून की रफ्तार थम सी गई है। खेतों में धान की बुआई की तैयारी कर चुके आरंग क्षेत्र के किसान अब आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। पर्याप्त बारिश नहीं होने से इलाके के खेत सूखे पड़े हैं और खरीफ सीजन की शुरुआत पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे हैं। 15 जून की सैटेलाइट तस्वीरों में मानसूनी बादलों का प्रभाव कमजोर दिखाई दिया है, जिससे प्रदेश में बारिश की संभावनाएं भी सीमित नजर आ रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून फिलहाल अपनी सामान्य गति से आगे नहीं बढ़ रहा है और इसका असर छत्तीसगढ़ सहित मध्य भारत के कई राज्यों में देखा जा रहा है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में जून के मध्य तक अच्छी बारिश की उम्मीद थी, लेकिन अपेक्षित वर्षा नहीं होने से खेतों की तैयारी और धान की बुआई बुरी तरह प्रभावित होने लगी है। विशेष रूप से धान उत्पादक क्षेत्रों में किसान पहली जोरदार बारिश का इंतजार कर रहे हैं। पर्याप्त नमी नहीं मिलने के कारण कई स्थानों पर बुआई का कार्य टालना पड़ रहा है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष जून के इसी समय तक प्रदेश के अनेक हिस्सों में मानसूनी बारिश रफ्तार पकड़ चुकी थी, जिससे धान की नर्सरी और खेती-किसानी के कार्य तेजी से शुरू हो गए थे।

इस बार स्थिति इसके ठीक विपरीत है और बारिश की कमी साफ महसूस की जा रही है। हालांकि, मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून का कुछ दिनों के लिए धीमा पड़ना सामान्य मौसमी प्रक्रिया का हिस्सा हो सकता है। अनुकूल परिस्थितियां बनने पर आने वाले दिनों में इसके फिर सक्रिय होने और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में अच्छी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल किसानों की निगाहें बादलों पर टिकी हैं, क्योंकि समय पर बारिश ही खरीफ सीजन को रफ्तार देने और धान की बुआई को दोबारा पटरी पर लाने में सबसे अहम भूमिका निभाएगी।

## मढ़ी में कंपनी विस्तार की जनसुनवाई आज

**कूंरा।** मढ़ी में स्थापित मेमर्स गौरी गणेश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के विस्तार के लिए आज जनसुनवाई होनी है। जिसका ग्रामीण पुरजोर विरोध कर रहे हैं। इसी कंपनी ने पिछले दो सालों से धूल, धुएं और प्रदूषण से ग्रामीणों का जीना मुहाल कर रखा है, अब फिर इसी कंपनी के विस्तार के लिए 18 जून को पर्यावरणीय जनसुनवाई रखी गई है। सबसे बड़ा सवाल है पंचायत से बिना NOC लिए जनसुनवाई कैसे ? वर्तमान सरपंच एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों ने कंपनी को कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) नहीं दिया है। इसके बावजूद जनसुनवाई की तारीख तय कर दी गई। इसे नियम विरुद्ध बताते हुए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने तत्काल रद्द करने की मांग की थी पर कुछ नहीं हुआ। पंचायत, ग्राम सभा, जनपद सदस्य ने भी कलेक्टर, उद्योग विभाग और मंत्रियों को अलग-अलग लिखित आवेदन देकर विस्तार पर रोक और जनसुनवाई तत्काल स्थगित करने की मांग किया था।

**सरकारी स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान गायत्री मंत्र सहित अन्य मंत्रों का पाठ अनुचित : डा.डहरिया**

# स्कूलों को राजनीति व धर्मिक प्रयोगशाला बनाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग \मंदिर हसौद

छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान गायत्री मंत्र सहित अन्य मंत्रों के अनिवार्य पाठ संबंधी आदेश को लेकर सियासत तेज हो गई है। इस मुद्दे पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य बच्चों को ज्ञान, वैज्ञानिक सोच और संवैधानिक मूल्यों से जोड़ना है, न कि उन्हें राजनीतिक या धार्मिक बहसों में उलझाना।डॉ. डहरिया ने कहा कि सरकार को स्कूलों की मूलभूत समस्याओं, शिक्षकों की कमी, शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के भविष्य पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि लगता है सरकार को पाठ्यपुस्तकों से ज्यादा प्रार्थना-पाठ की चिंता है।



अगर शिक्षा का स्तर सुधारने की जगह धार्मिक अनिवार्यता थोपना ही प्राथमिकता बन जाए, तो यह आने वाली पीढ़ियों के साथ न्याय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान सभी नागरिकों को अपनी आस्था और धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता देता है। ऐसे में किसी विशेष धार्मिक मंत्र को सरकारी संस्थानों में अनिवार्य बनाना देश की धर्मनिरपेक्ष भावना पर सवाल खड़े करता है। डॉ. डहरिया ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र का भी राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही हैं।

# टेमरी व डीघारी के शिविर में 21 तक योगाभ्यास



**आरंग।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग के तत्वावधान में ग्राम टेमरी और डीघारी में 17 से 21 जून तक पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविरों का शुभारंभ किया गया। टेमरी में सरपंच देवप्रसाद साहू एवं ग्रामीणों ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया, जबकि डीघारी में भी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम शुरू हुआ। टेमरी शिविर की प्रभारी डॉ. वंदना डकाहा ने बताया कि नियमित योग से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, थायराइड, मोटापा, कब्ज और अनिद्रा जैसी समस्याओं से बचाव संभव है। योग प्रशिक्षक कुन्ती ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया तथा प्रतिभागियों को अंकुरित चना-मूंग वितरित किया गया। वहीं डीघारी में शिविर प्रभारी डॉ. संगीता धीरहे एवं योग प्रशिक्षक बुद्धेश्वर वर्मा ने ग्रामीणों को योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने का संदेश देते हुए अधिक से अधिक संख्या में शिविर से जुड़ने की अपील की। दोनों स्थानों पर प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक योगाभ्यास कराया जा रहा है।

## मोहदा में पांच दिनी योग प्रशिक्षण शिविर कल से

**तरपोंगी।** ग्रामीण अंचल में लोगों को निरोग और स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम मोहदा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के द्वारा पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होने जा रहा है। यह शिविर आगामी 17 से 21 जून तक आयोजित किया जाएगा। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक दी जाएगी। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य /"करें योग - रहें निरोग/" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।आधुनिक बीमारियों से मुक्ति का मार्ग है योग शिविर के आयोजनकर्ताओं ने बताया कि आज की व्यस्त और तनावपूर्ण दैनिक जीवनशैली के कारण लोग मोटापा, उच्च रक्तचाप (बीपी), मधुमेह (शुगर), थायराइड, वात रोग, कमर दर्द, अपच, कब्ज, मानसिक अवसाद (डिप्रेशन) और अनिद्रा जैसी कई गंभीर बीमारियों का सामना कर रहे हैं। इन सभी शारीरिक और मानसिक विकारों को नियंत्रित करने और इनसे मुक्ति पाने का सबसे सरल और सहज उपाय 'योग' है।

# धरसींवा में विधायक कार्यालय का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा\कूंरा



विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को बड़ी सौगात देते हुए स्थानीय विधायक अनुज शर्मा की मौजूदगी में खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने सेवा सदन (विधायक कार्यालय) का भव्य शुभारंभ किया। इस कार्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित कर स्थानीय स्तर पर ही शिकायतों का त्वरित निवारण करना है, जिससे अब लोगों को रायपुर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

उद्घाटन समारोह के दौरान जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए गए और क्षेत्र के प्रबुद्धजनों का शॉल व श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक कार्यकाल को रेखांकित करती हुई एक विशेष प्रेस वार्ता भी आयोजित की गई, जिसमें वक्ताओं ने देश में हुए सकारात्मक बदलावों की सराहना की। इस दौरान राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# लखौली के प्रवेशोत्सव में बच्चों का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

ग्राम लखौली स्थित विवेकानंद विद्या मंदिर में मंगलवार को शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर विद्यालय परिवार ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से आरती उतारकर, पुष्पवर्षा एवं मिष्ठान वितरण कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आनंदमय वातावरण देखने को मिला। शिक्षकों ने बच्चों और उनके अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन और संस्कारयुक्त शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक नंदकुमार महाराज तथा प्रधानाचार्य हेमलता साहू सहित ममता जलक्षत्री, नंदनी यादव, संध्या साहू, खुशबू साहू, कुन्ती यादव, रोहणी सेन, चित्ररेखा यादव, खोमन साहू, पाल सिंह चौहान एवं उत्तम चंद्राकर सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। समारोह का उद्देश्य बच्चों में विद्यालय के प्रति अपनत्व की भावना विकसित करना और नए शैक्षणिक सत्र की सकारात्मक शुरुआत करना रहा।

## 15 हजार पालक बने सीखने के आंकलन के साक्षी

# जिले की आंगनबाड़ियों के 8 हजार बच्चों मिला विद्यारंभ प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

महिला एवं बाल विकास विभाग तथा 'गढ़बो बचपन परियोजना' की संयुक्त पहल के तहत रायपुर जिले के 1,941 आंगनबाड़ी केंद्रों में पहली बार 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का व्यवस्थित शैक्षणिक एवं विकासात्मक आकलन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत लगभग 8,000 बच्चों को 'विद्यारंभ प्रमाण पत्र' वितरित किए गए, जबकि करीब 15,000 पालकों ने विशेष बैठकों में शामिल होकर अपने बच्चों की प्रगति संबंधी जानकारी प्राप्त की।आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित इन बैठकों में बच्चों के सीखने की क्षमता, बौद्धिक विकास और प्रारंभिक दक्षताओं के वैज्ञानिक आकलन के आधार पर तैयार रिपोर्ट कार्ड अभिभावकों को सौंपे गए। वहीं प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश के लिए तैयार नौनिहालों को 'विद्यारंभ प्रमाण पत्र' देकर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास का व्यवस्थित मूल्यांकन कर उसकी जानकारी सीधे परिवारों तक पहुंचाना है, ताकि पालक अपने बच्चों की मजबूत शैक्षणिक नींव तैयार करने में सक्रिय भूमिका निभा सकें। आकलन के परिणाम साझा किए जाने से अभिभावकों को यह समझने में भी मदद मिली कि किन क्षेत्रों में बच्चों को अतिरिक्त सहयोग और मार्गदर्शन की आवश्यकता है।जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर ने बताया कि बच्चों के शुरुआती विकास में परिवार की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण होती है। उनके अनुसार, रायपुर जिले के सभी 1,941 आंगनबाड़ी केंद्रों में पहली बार लागू की गई यह पहल आंगनबाड़ी और परिवार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगी तथा बच्चों की सीखने की गुणवत्ता को नई दिशा देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आकलन आधारित यह संवाद भविष्य में बच्चों की मजबूत शैक्षणिक नींव तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय के सदस्यों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। 'विद्यारंभ प्रमाण पत्र' प्राप्त करने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों के चेहरों पर खुशी और गर्व साफ झलक रहा था। पूरे आयोजन में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला और इसे प्रारंभिक बाल शिक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया।

# गुजरा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव विफल



**आरंग।** ग्राम पंचायत गुजरा की सरपंच बिंदु भारती के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव आवश्यक समर्थन नहीं मिलने के कारण विफल हो गया। मतदान में सरपंच बिंदु भारती के पक्ष में 7 मत पड़े, जबकि अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में केवल 9 मत मिले। प्रस्ताव ध्वस्त होने के बाद सरपंच बिंदु भारती ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले पंचों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आगे भी बिना किसी भेदभाव के गांव के विकास और जनहित के कार्यों को पूरी निष्ठा से करती रहेंगी।

# मानसून लेट हो रहा, किसान ठिठके, खेती-किसानी में भी हो रही देर

## कृषि विशेषज्ञों ने कहा पर्याप्त बारिश होने पर करें रोपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में आमतौर पर 15 जून से मानसून की गतिविधियां शुरू होती हैं, इस बार मानसून का इंतजार कर रहे किसानों को फिलहाल मानसून की बेरुखी का सामना करना पड़ रहा है।

अब तक प्री मानसून की बारिश भी शुरू नहीं हो पाई है। यही कारण है कि किसान अपने खेतों को तैयार करने के काम में जुट नहीं पाए हैं। किसानों का कहना है कि अच्छी बारिश होने के बाद जुताई का पहला दौर हो जाएगा, इसके बाद पहली अच्छी बारिश के बाद रोपा लगाने की तैयारी की जाएगी। यह काम बारिश न होने से नहीं हो पाया है।

छत्तीसगढ़ में दक्षिण-पश्चिम मानसून की धीमी रफ्तार का असर अब खरीफ सीजन की तैयारियों पर साफ दिखाई देने लगा है। छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने 37.80 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान की बोआई का लक्ष्य तय किया है।

हालांकि, मानसून की धीमी रफ्तार के कारण कई जिलों में खेतों की तैयारी और बोआई प्रभावित हुई है। कृषि विभाग का कहना है कि पर्याप्त बारिश होते ही बोआई में तेजी आएगी और लक्ष्य हासिल करने के प्रयास किए जाएंगे। किसानों को बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।



### खेतों में नमी की कमी

समय पर पर्याप्त बारिश नहीं होने से धान की नर्सरी तैयार करने, बुआई और खेतों की जुताई जैसे कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। राज्य के अधिकांश किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं, जिसके बाद खरीफ फसलों की बोआई करेंगे। राज्य में धान प्रमुख खरीफ फसल है और इसकी खेती काफी हद तक मानसूनी बारिश पर निर्भर करती है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने से कई इलाकों में खेतों में नमी की कमी बनी हुई है, जिससे किसान बुआई शुरू करने का जोखिम नहीं उठा रहे हैं।

### पर्याप्त वर्षा होने पर करें बोआई

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश होती है तो किसान तेजी से बोआई पूरी कर सकते हैं। कृषि विभाग भी किसानों को सलाह दे रहा है कि वे मौसम की स्थिति को देखते हुए ही बुआई करें और पर्याप्त वर्षा होने के बाद ही धान की रोपाई शुरू करें। यदि मानसून जल्द सक्रिय होता है तो खरीफ सीजन की गति फिर से सामान्य हो सकती है।

### खाद, बीज और ऋण वितरण जारी

चालू खरीफ सीजन के लिए 8,800 करोड़ रुपये के कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 3912 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। कुल 10 लाख मीट्रिक टन खाद वितरण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 54 प्रतिशत का भंडारण पूरा हो चुका है। वर्तमान में समितियों में यूरिया (2.56 लाख टन), डीएपी (67 हजार टन), एनपीके (1.01 लाख टन), पोटाश (39 हजार टन) और एसएसपी (78 हजार टन) उपलब्ध है। सीजन के लिए 4.95 लाख क्विंटल बीज की मांग है। अब तक 3.75 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का भंडारण किया जा चुका है। किसानों को 2.36 लाख क्विंटल बीज का वितरण समितियों के द्वारा किया जा चुका है।

---

## खबर संक्षेप



### झारखंड राज्यसभा चुनाव में भूपेश-विजय होंगे आमने-सामने

**रायपुर।** झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पर्यवेक्षक बनाया है। वहीं भाजपा डिप्टी सीएम विजय शर्मा को पर्यवेक्षक बनाकर भेज रही है। छत्तीसगढ़ के दोनों नेता अपने उम्मीदवार को जिताने आमने-सामने होंगे। डिप्टी सीएम विजय शर्मा कल झारखंड जाएंगे। बताया जाता है कि झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए गुरुवार को मतदान झारखंड विधानसभा परिसर में बने विशेष पोलिंग बूथ पर सुबह 9 से शाम 4 बजे तक चलेगा। झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव हो रहा है। यहां पर जेएमएम और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। इन दो सीटों के लिए जेएमएम के बैद्यनाथ राम, कांग्रेस के प्रणव झा मैदान पर हैं। वहीं विपक्षी दल बीजेपी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवाणी उन्हें टक्कर दे रहे हैं।

### सरकार बताए शराब की ओवर रेटिंग की जांच कब होगी

**रायपुर।** भाजपा सरकार बताये शराब के ओवर रेटिंग की जांच कब होगी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद



शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में शराब धड़ल्ले से ओवर रेट में बेची जा रही है। इस पूरे खेल को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। शराब की ओवर रेंटिग सरकार में बैठे हुये लोग करा रहे हैं। हर ब्रांड की शराब में 60 से 80 रुपए तक प्रति बोतल वसूला जा रहा था। शराब के काउंटर पर बैठे लोग दावा कर रहे हैं कि शराब का पैसा ऊपर तक जा रहा था। यह मामला मीडिया में आया और जनता ने विरोध किया तब जाकर कुछ अधिकारियों को सस्पेंड करने की कार्रवाई की गयी। सरकार इस मामले की जांच की ईडी से कब करायेगी यह सुनियोजित घोटाला है। इसमें पूरी सरकार शामिल है।

### बिजली दरों पर कांग्रेस का प्रदर्शन राजनीतिक नौटंकी

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने बिजली दरों को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन को राजनीतिक नौटंकी बताते हुए कहा, बिजली बिल हाफ



के नाम पर बढ़ा बिजली बिल वसूलने वाले आज घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि राज्य सरकार आम जनता और गरीबों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कांग्रेस को बिजली के मुद्दे पर बात करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। अपने पिछले 5 साल के शासनकाल में कांग्रेस ने 'बिजली बिल हाफ' का लोकलुभावन और झूठा नारा देकर छत्तीसगढ़ की जनता को सिर्फ ठगने काम किया था। कांग्रेस के कुशासन में बिना किसी योजना के बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि की गई थी। सुरक्षा निधि के नाम पर उपभोक्ताओं से वसूली की गई। बिजली काटी गई, उपभोक्ताओं को परेशान किया गया।

---

## डगनिया बिजली कार्यालय का घेराव कर फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

# बिजली पर कांग्रेस का हल्ला बोल, बढ़े दाम वापस लेने की मांग, जगह-जगह फूंके पुतले, किया विरोध

### कांग्रेस नेताओं ने बिजली ऑफिस के बाहर स्मार्ट मीटर तोड़कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिजली के मुद्दे पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर हर जिले में कांग्रेस ने विद्युत कार्यालय का घेराव किया। बिजली की बढ़ी हुई दरों, अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, स्मार्ट मीटर जैसे कई मुद्दों पर जगह-जगह प्रदर्शन हुए। शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर द्वारा डगनिया स्थित विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव कर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों ने बिजली दरों में की गई वृद्धि, बढ़ती महंगाई तथा पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर राज्य एवं केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार एक बार फिर आम जनता की जेब पर डाका डालने का काम कर रही है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत कार्यालय के मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता मुख्य गेट तक पहुंच गए, जहां पुलिस बल द्वारा उन्हें आगे बढ़ने से रोका गया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यालय परिसर के



बाहर धरना देते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर के विरोध में अपना आक्रोश व्यक्त किया तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

#### परिवारों का मासिक बजट बिगड़ा

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, भाजपा सरकार हर मोर्चे पर जनता को राहत देने में विफल रही। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, अब बिजली दरों में वृद्धि कर आम परिवारों का मासिक बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है।

#### ये थे उपस्थित

इस प्रदर्शन मे श्रीकुमार शंकर मेनन, राजेंद्र पप्पू बंजारे, प्रमोद दुबे, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, आकाश शर्मा, एजाज ढेबर, प्रमोद चौबे, ज्ञानेश शर्मा, अशोक बानी, सुबोध हरितवाल, कमलेश मिश्रा, कमलाकांत शुक्ला, प्रवीण साहू, डोमेश्वरी वर्मा, दिलीप चौहान, शिव सिंह ठाकुर, शब्बीर खान, सचिन अग्रवाल, जसवीर ढिल्लन, सुशांत डे, दिनेश ठाकुर, देवेंद्र यादव, प्रशांत ठेंगड़ी, डॉ. अनु राम साहू, सुंदर जोगी, मनोज बंजारे, इरफान कुरैशी, प्रवीण चंद्राकर, दीपक चौबे, सुजीत सिंह, सुरेश जैन, ओम श्रीवास, सुरेश धीवर, मो.आसिफ, राज देवांगन, मिलिंद गौतम, सौरभ तिवारी, विनोद सिंह ठाकुर, अनिल राय चूरा, सुधा सरोज, संदीप शर्मा, मोहम्मद ताहिर, कमल धतलहरे ,जावेद नकवी, देव कुमार साहू, नरेश गढेपाल, सतू सिंह, किशन बाजरी, संजय अग्रवाल, मनीष शर्मा, हिरेंद्र देवांगन, विजय टंडन, सुयश शर्मा, मुन्ना मिश्रा, प्रीति सोनी, ईश्वर चक्रधारी, गंगा यादव, वेंकट कुमार, रोहित साहू, बंशी कन्नौजे, जितेंद्र यादव, मोहसिन खान, राजू दुबे, श्रीनाथ भोगल, ज्योति प्रकाश जगत, प्रवेश लखवानी, अनिल रूपचंदानी, सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### बढ़ी बिजली दरों को लेकर शिवानंद नगर बिजली कार्यालय का घेराव

राज्य शासन द्वारा बिजली बिल की दरों में वृद्धि करने एवं शहर में लगातार हो रही बिजली गुल की समस्या को लेकर पूर्व एमआईसी सदस्य नागभूषण राव के नेतृत्व में शिवानंद नगर बिजली आफिस का घेराव किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने जमकर नारेबाजी की। भनपुरी क्षेत्र में बिजली गुल की समस्या को लेकर नाराजगी जताई गई। बिजली व्यवस्था को सुधारने की मांग करते हुए नागभूषण राव ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार के आने के बाद पांच बार बिजली बिल की दरो में वृद्धि की गई है, जिसकी वजह से आम जनता महंगाई के बोझ से दबे जा रही है । उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा बिजली हाफ़ योजना चलाई गई, जिसका लाभ राज्य के लाखों लोगों को मिलता था, लेकिन राज्य में भाजपा की सरकार आते ही जनहित की बिजली हाफ योजना को बंद कर दिया गया और लगातार बिजली दरों में बढ़ोतरी कर रही है। भनपुरी क्षेत्र में तीन महीनों से लगातार बेवजह बिजली गुल कर दी जा रही है, जिसकी वजह से लोग काफी परेशान हैं। प्रदर्शनकारियों ने विद्युत मंडल के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर तत्काल प्रभाव से बिजली बिल की समस्या सहित अन्य मुद्दों के निराकरण करने की मांग की गई।

---

## आयोजन

# मोदी के 12 वर्ष कार्यकाल की उपलब्धियों पर लगी प्रदर्शनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर स्थित टाउन हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित विशेष प्रदर्शनी लगाई गई है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री जन-मन योजना, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, धरती आबा जनजातिय ग्राम उत्कर्ष अभियान, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना सहित अन्य योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है।

- वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने किया शुभारंभ

#### तीन दिवसीय प्रदर्शनी

तीन दिवसीय यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में पिछले 12 वर्षों में किए गए कार्यों पर केंद्रित हैं। प्रदर्शनी में विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं ऐतिहासिक निर्णयों को चित्रों एवं जानकारी के माध्यम से प्रदर्शित किया है। प्रदर्शनी 19 जून तक सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक अवलोकन के लिए खुली रहेगी। इस अवसर पर लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, विधायकों में सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सभापति सूर्यकांत राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

## रेत का व्यापार बना भाजपा नेताओं के गैंगवार का कारण

# बैज बोले- सत्ता के संरक्षण में रेत माफिया बेलगाम, हो रही हत्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, पूरे प्रदेश में रेत के लिए खून-खराबा मचा हुआ है। अब रेत का व्यापार भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बीच में गैंगवार का कारण बन चुका है। कोरिया जिले में बेहद ही डरावनी घटना घटी, एक भाजपा नेता ने दूसरे भाजपा के नेता, उसके भाई और उसके साथी को फॉर्च्यूनर गाड़ी में बंद करके पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया और दो लोगों की मृत्यु हो गयी। कुछ घायल लोगों को बड़े शहर में रेफर कर दिया गया है।

सरकार के संरक्षण में रेत माफिया बेलगाम हो चुका है। भाजपा के विधायक, सांसद, मंत्री सीधी रेत के कारोबार में लिप्त है, उनके संरक्षण में अपराधी आतंक मचा रहे है। उन्होंने कहा, पूरे प्रदेश में रेत का खूनी खेल चल रहा है, सत्ता के संरक्षण में चल रहा है। बमुश्किल एक पखवाड़ा पहले जांजगीर-चांपा के जैजेपुर में घर में घुसकर के दो भाईयों को गोली मार दी जाती है। कुछ दिनों पहले बलरामपुर में रेत माफिया ने पुलिस कांस्टेबल पर ट्रैक्टर चढ़ा कर हत्या कर दिया। राजनांदगांव में रेत माफिया ने गोली बारी किया। गरियाबंद में रेत माफिया ने खनिज इंस्पेक्टर और माइनिंग अधिकारियों को दौड़ा-दौड़ा कर मारा। बस्तर में अवैध रेत के खिलाफ खबर चलाने के कारण बस्तर में चार पत्रकारों को गांजा तस्करी के झूठे मुकदमे में फंसा दिया गया। बिलासपुर के मस्तूरी में गोलियां चलाई गयी। रायगढ़ में कोयले के लिए घंटों उड़िसा बार्डर पर गोलियां चलाई गयी। उन्होंने कहा, सरकार में बैठे लोग पैसा कमाने के लिए पूरे प्रदेश में रेत के धंधे में खूनी खेल रहे, भय फैलाये जा रहे हैं, भयावह स्थिति बनी हुई है।

---

# प्लास्टिक कचरे पर सख्ती की तैयारी : छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों को इपीआर पोर्टल पर पंजीयन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के सभी नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों को प्लास्टिक और ठोस कचरा प्रबंधन के लिए केंद्र सरकार के इपीआर पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में सभी शहरी निकायों को पत्र जारी कर कहा है कि वे भारत सरकार द्वारा विकसित पोर्टल पर लॉगिन कर पंजीयन प्रक्रिया शीघ्र पूरी करें।

यह निर्देश ऐसे समय जारी किए गए हैं, जब देश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक कचरे के निपटान को लेकर निगरानी बढ़ाई जा रही है। विभाग ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट द्वारा मई 2026 को सिविल अपील में दिए गए आदेश तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुपालन के संदर्भ में की जा रही है।




### क्या है इपीआर और क्यों महत्वपूर्ण है

इपीआर ऐसी व्यवस्था है जिसके तहत प्लास्टिक उत्पादों और पैकेजिंग को बाजार में उतारने वाले उत्पादक, आयातक और ब्रांड मालिकों को उस प्लास्टिक कचरे के संग्रहण, पुनर्चक्रण और वैज्ञानिक निपटान की जिम्मेदारी भी उठानी होती है। इसके लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है, जहां संबंधित संस्थाओं का पंजीयन और अनुपालन दर्ज किया जाता है। अब तक यह व्यवस्था मुख्य रूप से उत्पादकों और ब्रांड मालिकों पर केंद्रित रही है, लेकिन नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के लागू होने के साथ शहरी निकायों की भूमिका भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा

सुप्रीम कोर्ट ने मई 2026 के अपने आदेश में राज्यों और केंद्र सरकार को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई निर्देश दिए हैं। अदालत ने स्थानीय निकायों के प्रदर्शन की निगरानी, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुपालन की समीक्षा तथा कचरा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया है। अदालत ने राज्यों को प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की स्थिति का आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं।

### छत्तीसगढ़ में क्या करना होगा

नगरीय प्रशासन विभाग ने अपने पत्र में कहा है कि सभी शहरी निकाय विभाग द्वारा पहले से उपलब्ध कराए गए लॉगिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करते हुए इपीआर पोर्टल पर लॉगिन करें और पंजीयन की पूरी प्रक्रिया सावधानीपूर्वक पूर्ण करें। विभाग ने इसे सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय बताते हुए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पत्र की प्रतिलिपि नगरीय प्रशासन संचालनालय, सभी जिला कलेक्टरों, राज्य शहरी विकास अभिकरण तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को भी भेजी गई है, ताकि पंजीयन और अनुपालन की प्रक्रिया की निगरानी की जा सके।

---

## बिना रजिस्ट्रेशन बैटरी खरीदना, बेचना या जमा करना गैरकानूनी

# कबाड़ की बैटरियों की खरीद-फरोख्त पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल चार साल बाद जागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर सहित प्रदेश में पुरानी बैटरियों की खरीद-फरोख्त धड़ल्ले से हो रही है। 2022 में बने बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन का हवाला देते हुए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल अब कबाड़ की बैटरियों की खरीद-फरोख्त के मामले में चार साल बाद जागा है।

पर्यावरण मंडल ने सभी व्यापारियों, कबाड़ संचालकों, स्क्रैप डीलरों, परिवहनकर्ताओं तथा बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े लोगों से कहा, वे अपना संचालन केवल बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2022 एवं अन्य प्रचलित वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप ही करें। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने कहा है कि बिना रजिस्ट्रेशन और जरूरी दस्तावेजों के पुरानी बैटरियों की खरीदी-बिक्री, भंडारण या परिवहन करना गैरकानूनी है।

ऐसे मामलों में अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंडल के अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश में कई जगहों पर कबाड़ और पुरानी बैटरियों का कारोबार नियमों के विपरीत किया जा रहा है। इससे पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है।

### सिर्फ अधिकृत कारोबारी ही कर सकेंगे काम

बैटरी वेस्ट मैनेजमेंट नियम-2022 के तहत पुरानी और खराब बैटरियों का संग्रहण, भंडारण, परिवहन और रीसाइक्लिंग केवल पंजीकृत संस्थाएं ही कर सकती हैं। कारोबारियों को खरीदी-बिक्री और परिवहन से जुड़े सभी दस्तावेज भी रखना अनिवार्य होगा। पर्यावरण मंडल ने कहा है कि खुले स्थान पर पुरानी बैटरियां जमा करना, बिना अनुमति उनका भंडारण करना या अवैध रूप से खरीदी-बिक्री करना कानून का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत कार्रवाई होगी।

### पूरे प्रदेश में चलेगी जांच

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल जल्द ही राज्यभर में विशेष जांच अभियान शुरू करने जा रहा है। इस दौरान स्क्रैप डीलरों, कबाड़ कारोबारियों, ट्रांसपोर्टरों और बैटरी व्यापार से जुड़े लोगों की जांच की जाएगी। गंभीर गड़बड़ी मिलने पर केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

### आम लोगों से भी मांगी मदद

पर्यावरण मंडल ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं पुरानी बैटरियों का अवैध कारोबार, भंडारण या परिवहन होता दिखे तो इसकी जानकारी संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय या मंडल को दें। अधिकारियों का कहना है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले ऐसे कारोबार पर रोक लगाने के लिए सख्ती जरूरी है।

---

# निगम में प्रशासनिक फेरबदल, जागृति को जन्म-मृत्यु और विवाह पंजीयक का अतिरिक्त प्रभार, डॉ. अंजलि संभालेंगी पीएम स्वनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम में प्रशासनिक स्तर पर फेरबदल किया गया है। निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने बुधवार को आदेश जारी कर नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही को जोन क्रमांक 7 का प्रभारी जोन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

- डॉ. तृप्ति पाणिग्रही को जोन 7 के प्रभारी जोन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार

उपायुक्त जागृति साहू को अपने वर्तमान कार्यो के साथ पंजीयक जन्म-मृत्यु और विवाह पंजीयन का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है। वहीं उपायुक्त बाजार एवं राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा को वर्तमान में सौंपे गए कार्यो के साथ प्रधानमंत्री स्वनिधि का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। नगर निगम आयुक्त ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही को मुख्यालय स्वास्थ्य अधिकारी प्रधानमंत्री स्वनिधि, पंजीयक जन्म-मृत्यु और विवाह पंजीयन के प्रभार से मुक्त करते हुए अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक प्रभारी जोन आयुक्त जोन 7 का प्रभार सौंपा है। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। नगर निगम में विभिन्न विभागों के कार्यो को सुचारू और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह प्रशासनिक बदलाव किया गया है।

## खबर संक्षेप



### प्लास्टिक का उपयोग न करने की दिलाई शपथ

रायपुर। एकल उपयोग प्लास्टिक के बहिष्कार एवं जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम मंडल मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के निर्देशानुसार तथा क्षेत्रीय अधिकारी प्रकाश कुमार रबड़े के मार्गदर्शन में किया गया। इसी कड़ी में बुधवार को शंकरनगर स्थित विद्या स्कूल, आकाशवाणी तथा दूरदर्शन केंद्र में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही उन्हें जूट के थैले भेंट कर प्लास्टिक थैलों एवं प्लास्टिक की झिल्लियों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा इनके उपयोग से बचने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से अपील की गई।

### माना कैंप में लोक कल्याण मेला आज

रायपुर। नगर पंचायत माना कैम्प जिला रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडरों एवं फुटपाथ व्यवसायियों को योजना का लाभ उपलब्ध कराने के लिए 18 जून को सुबह 10 बजें से सभा कक्ष, नगर पंचायत माना कैम्प में लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में पात्र हितग्राहियों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न बैंको के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है, जिसमें हितग्राहियों के ऋण प्रकरणों का त्वारित निराकरण एवं स्वीकृति की कार्यवाही की जा सकें। नगर पंचायत माना कैम्प में सभी पात्र स्ट्रीट वेंडर, ठेला-गुमटी संचालक एवं फुटपाथ व्यवसायियों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### निधन

**गोपाल छाबरिया**



*रायपुर। डीएम वाटिका, शंकर नगर निवासी गोपाल छाबरिया (50) का 17 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा 18 जून को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे गिरिराज छाबरिया के पिता थे।*

# पीने का पानी पहुंचाने साल में 120 करोड़ खर्च, जल शुल्क की वसूली 34 करोड़, फिर भी 86 करोड़ का गड्ढा

*रायपुर नगर निगम का जल विभाग शहर के 70 वार्ड में रहने वाले 15 लाख रहवासियों तक पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने हर साल 120 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है, जबकि जल शुल्क की वसूली 34 करोड़ हो रही है। ऐसे में 86 करोड़ की भरपाई नगर निगम को खुद करनी पड़ रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम द्वारा पूर्व में कराए गए जीआईएस सर्वे के हिसाब से राजधानी में कुल 2 लाख 26 हजार हाउसहोल्ड नल कनेक्शन धारी हैं, इसमें से नगर निगम को जलकर का भुगतान करने वालों की संख्या 1 लाख 27 हजार हाउसहोल्ड की है, जबकि बाकी के 1 लाख नल कनेक्शन धारी ऐसे हैं, जो निगम की टंकियों से बारह महीने पीने के पानी का उपयोग तो कर रहे हैं, पर इसके बदले में जल शुल्क का भुगतान ही नहीं करते। इससे न केवल शहर के जल वितरण की व्यवस्था प्रभावित हुई है, बल्कि जलकर का भुगतान करने के बाद भी शहर के कई इलाकों में नलों से प्रेशर के साथ पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर दस जोन में अवैध नल कनेक्शन को नियमित करने 1 जुलाई से अभियान चलाया जाएगा।

### 15 दिन में नल कनेक्शन नियमित कराने मोहलत

- *1 जुलाई से अवैध नल कनेक्शन काटने नगर निगम चलाएगा अभियान*
- *अवैध नल कनेक्शन धारियों को जोन से नोटिस देने आयुक्त ने दिए हैं निर्देश*



- *शहर में 2 लाख 26 हजार नल कलेक्शन धारी*
- *1 लाख 26 हजार उपभोक्ता कर रहे जल शुल्क भुगतान*
- *1 लाख उपभोक्ता नहीं दे रहे पानी का टैक्स*

दरअसल, शहर में अवैध नल कनेक्शन के चलते जल वितरण की व्यवस्था प्रभावित हो रही है, नगर निगम को जल शुल्क जमा किए बिना अवैध रूप से नल कनेक्शन लेने वालों के खिलाफ 1 जुलाई से कड़ाई बरती जाएगी। जल बोर्ड और जल विभाग दस जोन कमिश्नरी के साथ मिलकर इस अभियान को संचालित करेगा। निगम आयुक्त ने हाल ही में बैठक लेकर दस जोन के सभी कमिश्नरों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने जोन क्षेत्र में अवैध नल कनेक्शन धारियों को नोटिस देकर 15 दिन की समय अवधि में अवैध नल कनेक्शन का नियम अनुसार शुल्क भुगतान कर उसे नियमित कराएं। ऐसा नहीं किए जाने पर अवैध नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई नियम अनुसार की जाएगी। इसके साथ ही बल्क में कनेक्शन लेने वाले कालोनाइजर व बिल्डर्स को भी नगर निगम का जल विभाग वाटर मीटर लगाकर नियम अनुसार जल शुल्क की राशि का नियमित रूप से भुगतान करने अभियान चलाएगा।

## जिस ग्राम पंचायत की नाक के नीचे चल रहा था अवैध भंडारण

# अवैध भंडारण की जब्त 30 लाख की रेत रामभरोसे, निगरानी की कोई व्यवस्था नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश का सीजन शुरू होने के साथ रेत की खदाने बंद हो गई हैं, अब जो भंडारण की गई है, उसी से आपूर्ति होनी है, इसलिए इसकी कीमत भी कारोबारियों ने बढ़ा दी है। इसका फायदा रेत के कई माफिया भी उठा रहे हैं तथा अनेकों स्थानों पर रेत का अवैध रूप से भंडारण कर रखे हैं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत के बाद आरंग क्षेत्र के ग्राम कुटेला में ऐसे ही एक बड़े मामले में खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम ने कार्रवाई करते हुए 80 हाईवा एवं 90 ट्रैक्टर रेत का अवैध भंडारण पकड़ा है। इस रेत को जब्ती बनाने के बाद ग्राम पंचायत के सुपुर्द करते हुए खनिज विभाग ने रेत की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी है, जबकि इसी ग्राम पंचायत की नाक के नीचे उसके गांव के तालाब के पास पहाड़नुमा रेत का भंडारण का कार्य चलता रहा, जिसकी जानकारी होने के बावजूद ग्राम पंचायत ने इस मामले में कोई एक्शन नहीं लिया था। ऐसे में जब्त की गई लाखों रुपए की रेत अब रामभरोसे प्रतीत होती है, क्योंकि इसकी निगरानी के लिए कोई ठोस व्यवस्था या उपाय विभाग एवं ग्राम पंचायत ने नहीं किया है।



फाईल फोटो

### सरकारी मूल्य 3 लाख, बाजार मूल्य 30 लाख से ज्यादा

*ग्राम कुटेला में जब्त की गई रेत की सरकारी कीमत लगभग 3 लाख रुपए बताई जा रही है, लेकिन बाजार मूल्य 30 लाख रुपए से ज्यादा है। एनजीटी की गाइड लाइन के तहत रेत खदानों पर 10 जून से उत्खनन पर प्रतिबंध लग गया है, जिसके कारण रायपुर सहित प्रदेशभर की खदानों में उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। खदानों में उत्खनन बंद होते ही रेत की आपूर्ति भी प्रभावित होने लगी है। कारोबारियों ने रेत की कीमत बढ़ाने के लिए सप्लाई घटा रखी है, जिससे प्रति हाईवा के पीछे लगभग 7 हजार कीमत बढ़ी हुई है।*

### चोरी करेंगे माफिया बारिश में बह गई रेत का बनेगा बहाना

*जब्ती बनाई गई लाखों रुपए की रेत अभी भी उसी स्थान पर डंप है, जहां माफिया ने अवैध रूप से भंडारण किया है। बारिश का सीजन शुरू हो गया है, जो लगभग 3 से 4 महीने तक रहेगा। इस दौरान डंप रेत की निगरानी करना चुनौती से कम नहीं होगा। जो माफिया ग्राम पंचायत की नाक के नीचे रेत का अवैध रूप से भंडारण कर सकते हैं, उनके द्वारा डंप रेत की चोरी करना मुश्किल नहीं होगा। अगर ऐसा होता है, तो जिम्मेदार लोग यह कहकर अपना पल्ला छुड़ा सकते हैं कि बारिश के पानी के बहाव में रेत बह गई होगी।*

### अवैध भंडारण करने वालों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं

*खनिज विभाग की जांच में कुटेला में रेत का अवैध रूप से भंडारण करने वालों के नाम भी उजागर हो चुके हैं। इसमें लौह चंद्राकर, दीपक चंद्राकर, हेमंच चंद्राकर एवं रघु चंद्राकर हैं। ये सभी कुटेला के ही रहने वाले हैं, जो पार्टनरशिप में रेत को अवैध रूप से महानदी से लाकर यहां भंडारण करा रहे थे। विभाग ने इन सभी को नोटिस भी जारी किया है, जिसका जवाब अब तक नहीं आया है।*

### डंप रेत से मोटी कमाई करने की फिराक में थे माफिया

*इस रेत को डंप करने के पीछे मोटी कमाई करना था। बारिशभर रेत दो से ढाईगुना अधिक कीमत पर बिक्री होती है। इसका फायदा माफिया उठाना चाहते थे, ताकि उनकी मोटी कमाई हो सके।*

### शासन को नुकसान से बचाने नीलामी सही प्रक्रिया

*जब्त की गई रेत को उठाकर नदी तक ले जाने में काफी फिजूल खर्च होगा, वहीं अगर रेत चोरी होती है, तो इससे भी शासन के राजस्व का नुकसान होगा। इससे बचने का सही और उचित उपाय यही है कि इस रेत की जल्द से जल्द नीलामी की जाए। विभाग में इसका प्रावधान भी है। इसके बावजूद रेत की नीलामी की प्रक्रिया अपनाई नहीं जाती।*

### रेत ग्राम पंचायत के सुपुर्द

*जब्त की गई रेत को अवैध रूप से भंडारण गांव के चार लोगों ने मिलकर कराया है। जांच में इन सभी के नाम सामने आने के बाद सभी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा हैं। रेत ग्राम पंचायत के सुपुर्द की गई है।*

राजेश मालवे, उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर

# निगम के पेंशनरों को मिली राहत 4 माह से लंबित पेंशन का पैसा रिलीज

*समाज कल्याण विभाग ने विधवा, वृद्धावस्था और दिव्यांग पेंशनरों की लंबित पेंशन राशि जारी की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- *दिसंबर से अप्रैल तक भुगतान*
- *18 हजार पेंशनरों की उम्मीद पूरी*
- *मई का पेंशन बकाया*

500 रुपए महीना पेंशन से अपनी बीमारी का इलाज और दैनिक जरूरत को पूरा करने वाले बुजुर्ग, दिव्यांग, वृद्धा पेंशनरों के लिए एक अच्छी खबर है। समाज कल्याण विभाग ने नगर निगम की तीन योजनाओं से जुड़े 18 हजार पेंशनरों को पिछले 4 माह से लंबित उनकी पेंशन की राशि पेंशनरों के खाते में हस्तांतरित कर दी है। दिसंबर से अप्रैल तक की रुकी पेंशन संबंधित पेंशनरों के बैंक खाते में जमा होना शुरू हो गई है। इससे वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन और दिव्यांग पेंशन पाने वाले हितग्राहियों को राहत मिलेगी।

पेंशन के लिए 5 माह से भटक रहे बुजुर्ग, दिव्यांग और उम्रदराज महिलाएं तथा निराश्रित पेंशन के हितग्राहियों को अब निगम मुख्यालय और जोन दफ्तर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उनकी 4 माह की लंबित पेंशन की राशि समाज कल्याण विभाग से संबंधित पेंशनरों के खाते में जमा कराई गई है। केवल मई की पेंशन का भुगतान होना बाकी है, दिसंबर से अप्रैल की लंबित पेंशन का भुगतान कर दिया गया है।




### 4 माह की पेंशन रिलीज

*नगर निगम के 18 हजार ऐसे पेंशनर जो वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन के हितग्राही हैं, उनकी 4 माह की लंबित पेंशन राशि समाज कल्याण विभाग ने रिलीज कर दी है। संबंधित पेंशनरों के बैंक खाते में लंबित पेंशन की राशि जमा होनी शुरू हो गई है।*

डॉ. अंजलि शर्मा, प्रभारी अधिकारी, पेंशन शाखा, नगर निगम रायपुर

### केवाइसी, डिजिटल सत्यापन सहित पेंशन समस्या को लेकर 22 से लगेगा शिविर

रायपुर नगर निगम के दस जोन में निगम के 28 हजार पेंशनरों के बैंक खाते की केवाईसी में आने वाली समस्या, डिजिटल सत्यापन और पेंशन संबंधी समस्या का त्वरित निराकरण करने 22 जून से 22 जुलाई तक सभी जोन कार्यालयों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम मुख्यालय से सभी दस जोन के जोन कमिश्नरों को उनके जोन कार्यालयों में एक माह तक शिविर लगाने संबंधी निर्देश जारी किए जा रहे हैं। पेंशनरों की समस्या समाधान के लिए 22 जून से लगाए जाने वाले शिविर में वार्ड पार्षदों व जन प्रतिनिधियों का समन्वय और उनका सहयोग रहेगा।

## संगवारी सोशल ने मनाया धार्मिक उत्सव

रायपुर। संगवारी सोशल एक्टिविटी ग्रुप ने एक निजी होटल में बुधवार को दान धर्म विषय पर धार्मिक उत्सव का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष सुनीता शर्मा ने जानकारी दी कि सनातन धर्म में वर्ष भर धार्मिक अनुष्ठान होता है किंतु इस अधिमास अर्थात पुरुषोत्तम माह का महत्व सबसे अधिक है। इस अधिक माह में ग्रुप के सदस्यों ने भागवत कथा श्रवण, आरती, पूजन का लाभ लिया।



अधिमास के 8 बड़े मंगलवार में सुंदर कांड पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। हिंदू धर्म शास्त्र में पुरुषोत्तम माह में दान का अधिक महत्व है अतः आज ग्रुप में सभी को पूजन हेतु आसन वितरण किया गया, धर्म की दृष्टि से सात्विक भोजन के महत्व पर चर्चा करते हुए पात्र, डिब्बा और राजगीर लड्डू के साथ गर्मी से राहत हेतु सबको आइसक्रीम वितरित किया गया। कार्यक्रम में सुनीता शर्मा, बबीता दुबे, गिरजाशंकर दीक्षित, सुरेश मिश्रा, शिवाकांत त्रिपाठी, सुधा त्रिपाठी, एम पी दुबे, दीपक शर्मा, अनीता दीक्षित, विनीता मिश्रा, स्मिता पांडेय, सुमन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### खत्म हुआ जिला अस्पताल के ब्लड...

इसके लिए कंपोनेंट ब्लड का लाइसेंस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ब्लड का कंपोनेंट तैयार करने के लिए कुछ मशीनों की आवश्यकता होगी। इसे स्थापित करने के लिए मौजूद बल्ड बैंक का नक्शा भी तैयार किया जा चुका है।

### एकाउंटेंट से 10 लाख की लूट के...

कैलाशनाथ अग्रवाल के अकाउंटेंट विद्यासागर के साथ लूट के आरोप में पुलिस ने दिनेश राव को गिरफ्तार किया है। दिनेश ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि कंस्ट्रक्शन कंपनी में बड़ी रकम देख कर उसकी नीयत खराब हो गई थी। उसने लूट करने कंस्ट्रक्शन कंपनी से जुड़े ऐसे लोग जो बड़े पैमाने पर रकम लेकर आते-जाते थे, उनके बारे में जानकारी जुटाकर लूट की योजना बनाई। अपनी योजना को अमलीजामा पहनाने दिनेश ने अपनी बुआ के लड़के तथा उसके दोस्त को अपने साथ मिलाया। **पोहा पाइंट में लूट की चर्चाः** लूट करने के बाद बदमाश नवा रायपुर में एक पोहा पाइंट पहुंचे। दोनों को तसल्ली थी कि पुलिस उन्हें अब नहीं पकड़ पाएगी। दोनों बदमाश पोहा पाइंट में चाय तथा पोहा का आर्डर देने के बाद लूट के बारे में आपस में खुसर-पुसर कर रहे थे। लूट की रकम को दिनेश को देने के लिए जाएं या फिर अपने पास रख लें। इस दौरान दोनों भागने की योजना भी बना रहे थे। बदमाशों ने आपस में तय किया कि बड़ी रकम है, जांच में फंस गए तो पुलिस को जवाब देना मुश्किल होगा और वे पकड़े जाएंगे। दोनों बदमाशों की बात पोहा पाइंट के संचालक ने सुन ली। मौके पर पुलिस जब पड़ताल करने पहुंची, तो पोहा पाइंट के संचालक ने को बदमाशों की चर्चा के संबंध में जानकारी दी।

### पुलिस को चकमा...

करने की प्लानिंग की थी। वे अपने मंसूबे में कामयाब हो पाते, इसके पूर्व पुलिस ने लूट के मास्टर माइंड दिनेश को दबोच लिया।

### बेइमान मौसम...नीट केंद्रों....

केंद्रों में अनिवार्य रुप से जनरेटर की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा सभी केन्द्राध्यक्षों को पंखा, साफ-सफाई, पेयजल एवं वॉशरूम की सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बुधवार को नीट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा, परीक्षा संचालन के समय सभी केन्द्राध्यक्ष परीक्षा केन्द्रों में फर्नीचर, बिजली, पंखा, साफ-सफाई, पेयजल, वॉशरूम की सफाई, पार्किंग, दीवाल घड़ी की व्यवस्था, जनरेटर (डीजी सेट), वीडियोग्राफर एवं साउंड सिस्टम की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करें। प्रश्न-पत्र की सील बन्दपेटी रखने के लिए अलग से स्ट्रांग रूम की व्यवस्था की जाएगी।

### 6 कृषि केंद्रों में छापा, एक...

है कि इस प्रकरण में कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए जा सकते हैं। आरंग के ग्राम समोदा स्थित महानदी बीज भंडार केंद्र का संचालक अपने प्राधिकार पत्र में बिना स्रोत प्रमाण पत्र संलग्न किए उर्वरक का भंडारण एवं वितरण कर रहा था। इस प्रकरण में कलेक्टर के निर्देश पर विभाग ने संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आरंग के ग्राम कलई में गुड़गांव हरियाणा की पुलकित बायो फर्टिलाइजर कंपनी द्वारा अवैध रूप से उर्वरक का कारोबार किया जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर विभागीय टीम ने छापा मारकर यहां से 35.05 मीट्रिक टन उर्वरक जब्त किया था। इस मामले में उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के नियमों के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए कलेक्टर को रिपोर्ट सौंप गई है। यह प्रकरण अभी लंबित है।

# तीन तस्करों को 15-15 वर्ष कैद के साथ जुर्माना, पुलिस ने जब्त की थी 4 किलो अफीम

- *टिकरापारा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व की घटना*
- *झारखंड से रायपुर में खपाने के लिए लाए थे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व 3.9 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार तीन तस्करों को कोर्ट ने 15-15 वर्ष कैद के साथ डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। जिन तस्करों को कोर्ट ने सजा सुनाई है, उनमें से दो झारखंड, गुमला के रहने वाले हैं, जबकि एक अन्य आरोपी दुर्ग, भिलाई का रहने वाला है। प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पंकज सिन्हा की एनडीपीएस कोर्ट में हुई।

विशेष लोक अभियोजक केके चंद्राकर के मुताबिक कोर्ट ने मोहम्मद जासिद मिर, लेव मिंज दोनों गुमला के रहने वाले तथा जसवंत सिंह को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीनों




आरोपियों के कब्जे से कमल विहार में एक नर्सरी के पास सात नवंबर 2024 को अफीम जब्त की थी। पुलिस ने जब अफीम की जब्ती की थी, तब उसका बाजार मूल्य 22 लाख रुपए आंका गया था। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को तब बताया था कि उन लोगों ने गुमला के किसी महेश साहू से अफीम खरीदा था और बिक्री करने रायपुर लाए थे। महेश के पास से किसी भी तरह से अफीम नहीं मिलने पर कोर्ट ने उसे संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

## बिजनेस साइट

### श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में सीएमई कार्यक्रम

रायपुर। युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों को करियर की नई दिशा और अवसरों से अवगत कराने के उद्देश्य से श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल द्वारा 'आइज ऑन द फ्यूचरः नैविगेटिंग करियर चॉइसेज एंड ऑपर्च्युनिटीज फॉर द यंग ऑप्थैल्मोलॉजिस्ट्स' विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम आयोजित किया गया। अस्पताल के तृतीय तल स्थित सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों, रेजिडेंट डॉक्टरों और फेलोज ने भाग लिया।



युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों को मिला करियर मार्गदर्शन

कार्यक्रम की शुरुआत में अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. चारुदत्त कलमकर ने कहा कि मेडिकल शिक्षा पूर्ण करने के बाद युवा चिकित्सकों के सामने करियर के अनेक विकल्प होते हैं, लेकिन उचित मार्गदर्शन के अभाव में सही निर्णय लेना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसी उद्देश्य से यह सीएमई आयोजित की गई। विशेषज्ञ वक्ताओं ने निजी प्रैक्टिस, कॉर्पोरेट अस्पतालों, अकादमिक क्षेत्र, रिसर्च, फेलोशिप प्रशिक्षण, सब-स्पेशियलिटी अवसरों और उद्यमिता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

### बिंदा सोनकर विद्यालय में उत्साह के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

रायपुर। बिंदा सोनकर विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक एवं मिडिल वर्ग के विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। लंबी छुट्टियों के बाद विद्यालय पहुंचे नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने भी विद्यालय में मिले आत्मीय स्वागत पर प्रसन्नता व्यक्त की।



कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों का गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें चॉकलेट और मिष्ठान वितरित किए गए। यह आयोजन विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष रमेश सोनकर, उपाध्यक्ष डॉ. भीषम सोनकर, प्रधानपाठिका सायरा मेमन सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-4, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: आम सूचना :-**

जारी दिनांकः- 16/6/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम गुढ़ियारी प.ह.नं. 107/49 रा.नि.मं.- 4 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री नेहेन्द्र दुबे पिता गोवर्धन प्रसाद दुबे, ओशो भवन के पास, गुढ़ियारी द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1318/1 रकबा 0.016 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./वाचक/ना.तह./2026 आदेश दिनांक 20/06/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हमारे द्वारा दिनांक 23/06/2026 को 3.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी समीपवर्ती आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी ऊजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर 04
तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 11.06.2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गीता बाई पति एस.के. रघुवंशी निवासी रावतपुरा नगर फेस नं.01 गली नं. 04 रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम डुमरतराई पटवारी हल्का नंबर 74 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर मे स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 74/13 शामिल 75/13 रकबा 0.0140 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 06.01.2026 के परिपालन मे दिनांक 19.06.2026 को समय 12.00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि मे पटवारी हल्का नंबर 74 के डुमरतराई मे स्थित कार्यालय मे मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक, रायपुर - 10

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 08/06/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री लोकेश्वर सिंह रघुवंशी पिता कोमल सिंह रघुवंशी निवासी सेलटेक्स कॉलोनी शंकर नगर रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम डुमरतराई पटवारी हल्का नंबर 74 राजस्व निरीक्षक मंडल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 74/12 (शामिल 75/12) रकबा 1500 व.फू. हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 12/05/2026 के परिपालन में दिनांक 19/06/2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 74 के डुमरतराई में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

(राजस्व निरीक्षक)
रा.नि.मं. रायपुर-10

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

दिनांक 16/06/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राजकुमारी देवांगन पिता/पति नंदकुमार देवांगन निवासी रायपुर की ग्राम सांकरा प.ह.नं. 24 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 253/2 रकबा 0.0645 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक क/वाचक/तह./2026 आदेश दिनांक 08.06.2026 के परिपालन में दिनांक 09.07.2026 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 24 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वंय अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं । बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा । अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-19 (धनेली)

## शाला प्रवेश को लेकर झुग्गी बस्तियों में छात्र छात्राओं के बीच उत्साह

रायपुर। लंबी ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूलों में बच्चों की चहल-पहल फिर से लौट आई है। विशेष रूप से शहर की झुग्गी-बस्तियों में छोटे-छोटे बच्चों के स्कूल जाने को लेकर उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिल रहा है। बच्चे नए बस्ते, किताबें और यूनिफॉर्म के साथ अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे



हैं। इसी अवसर पर उत्कल गांड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने विभिन्न झुग्गी-बस्तियों का भ्रमण कर बच्चों एवं उनके अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक और प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि बच्चों उठो, जागो, पढ़ो, लिखो और आगे बढ़ो। शिक्षा ही हमारे जीवन में सच्ची खुशहाली, सम्मान और सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## किताबें और यूनिफॉर्म नहीं मिलने पर इदरीस ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** प्रदेश में नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के साथ ही अनेक विद्यार्थियों को अब तक पाठ्य पुस्तकें एवं यूनिफॉर्म उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। राज्य शासन द्वारा सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से 10वीं तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें प्रदान की जाती हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री के से कहा, स्कूल खुलने से पहले ही मीडिया के माध्यम से समय पर किताबें और यूनिफॉर्म नहीं पहुंचने की आशंका व्यक्त की जा रही थी। फिर भी संबंधित अधिकारियों द्वारा अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई, जिसके कारण विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## कला केंद्र ने निखारी मान्या की प्रतिभा

**रायपुर।** सही मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और सीखने की लगन किसी भी चुनौती को सफलता में बदल सकती है।



कभी गिटार सीखने की बुनियादी तकनीकों को समझने में कठिनाई महसूस करने वाली मान्या चौबे ने कला केंद्र रायपुर में प्राप्त व्यवस्थित प्रशिक्षण और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन से न केवल अपनी संगीत प्रतिभा को निखारा, बल्कि ड्रॉइंग एवं राइटिंग गतिविधियों से अपनी रचनात्मकता का विस्तार भी किया। मान्या पिछले दो महीने से कला केन्द्र में गिटार, ड्रॉइंग एवं राइटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। कला केन्द्र से जुड़ने के पहले उन्हें गिटार सीखने में काफी दिक्कतें आ रही थीं, विशेष रूप से फिंगर प्लेसमेंट, स्ट्रमिंग पैटर्न्स एवं फिंगर स्टाइल तकनीकों को समझने में मान्या को मुश्किलें हो रही थीं। जिसके बाद कला केन्द्र में नियमित अभ्यास, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण के माध्यम से मान्या ने केवल दो महीनों में गिटार में विभिन्न प्रकार के संगीत पैटर्न एवं फिंगर स्टाइल को सफलतापूर्वक सीखा। उनके उंगलियों की गति, ताल की समझ एवं गिटार बजाने में आत्मविश्वास पहले की तुलना में काफी बेहतर हुआ है।

## राजस्व पटवारी संघ ने दान की प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकें

**रायपुर।** जिले में संचालित स्मृति पुस्तकालय योजना जनभागीदारी का प्रेरक उदाहरण बनती जा रही है। इस पहल के माध्यम से लोग स्वेच्छा से पुस्तकें और इलेक्ट्रोनिक्स गैजेट दान कर युवाओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में योगदान दे रहे हैं। इसी क्रम में रायपुर राजस्व पटवारी संघ ने कलेक्टर गौरव सिंह को प्रतियोगी परीक्षा सबंधी पुस्तकें दान की। कलेक्टर ने उनके इस सराहनीय योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास से जरूरतमंद एवं प्रतिभावान अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

## गुमा में निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर शुरू

**रायपुर।** शहर से लगे हुए ग्राम गुमा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर व शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय तेंदुआ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार से पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 21 जून तक जारी रहेगा। शिविर प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक शास. प्राथमिक शाला गुमा में आयोजित किया गया है। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज ने बताया कि शिविर में एनीमिया, अम्लपित्त, वातव्याधि, तनाव, मोटापा, थाईराइड, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं के बचाव व नियंत्रण के लिए योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही प्रतिभागियों को विभिन्न रोगों के अनुसार योगाभ्यास व आवश्यक परामर्श दी जा रही है। आयुष विभाग रायपुर के संचालन में आयोजित इस शिविर में क्षेत्रवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

# प्लेसमेंट मेले में 86 बेरोजगार युवाओं को मिलेगा रोजगार, योग्यता के आधार पर चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) बेरोजगारों को रोजगार दिलाने का बड़ा माध्यम बन रहा है। इसके तहत एक दिवसीय आयोजित किया गया प्लेसमेंट मेला में 86 युवाओं का योग्यता एवं कौशल प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न कंपनियों ने अलग-अलग सेक्टर में रोजगार देने के लिए चयन किया है।

### 130 युवाओं ने लिया हिस्सा

प्लेसमेंट मेला में ऑटोमोबाइल क्षेत्र से संबंधित व्यवसाय, मैकेनिक मोटर व्हीकल, डीजल मैकेनिक एवं मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल के प्रशिक्षणार्थियों के लिए आयोजित किया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षित युवाओं को प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थानों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उद्योग एवं प्रशिक्षण संस्थानों के मध्य समन्वय को सुदृढ़ करना था। मेला में कुल 130 प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिनकी योग्यता एवं कौशन प्रदर्शन के बाद कंपनियों ने 86 अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए अंतिम चयन किया।







### रोजगार उपलब्ध कराने मेले में ये कंपनियां हुई शामिल

प्लेसमेंट मेले में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए टीवीएस, हुंडई, मारुति सुजुकी, मारुति नेक्सा तथा टाटा मोटर्स से संबद्ध विभिन्न कंपनियां शामिल हुई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य नरेंद्र उपाध्याय ने उपस्थित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में ऑटोमोबाइल उद्योग तीव्र गति से विकसित हो रहा है तथा कुशल तकनीशियनों की मांग निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को अपने तकनीकी ज्ञान, कार्यकुशलता एवं व्यावसायिक नैतिकता को निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान टीवीएस के सर्विस एरिया मैनेजर सुबोदीप गांगुली ने भी संस्था का भ्रमण किया। उन्होंने विशेष रूप से मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल व्यवसाय के प्रशिक्षण की गुणवत्ता की सराहना की तथा संस्था के साथ मिलकर इलेक्ट्रिक व्हीकल वर्कशॉप के उन्नयन एवं आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं के विकास हेतु सहयोग प्रदान करने की सहमति व्यक्त की। इस पहल से प्रशिक्षणार्थियों को नवीनतम तकनीकों एवं उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

### स्थानीय डाक्टरों के हित के साथ मरीजों की सुरक्षा पर भी होगा असर

# फर्जीवाड़ा बढ़ने की आशंका, इसलिए जारी अधिसूचना वापस लेने की मांग

अन्य राज्यों के डाक्टर सहित चिकित्सकीय स्टाफ को बिना अनुमोदन प्रैक्टिस करने का मामला

जूनियर डाक्टरों, सीजीडीएफ के साथ आईएमए और कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

बिना अनुमोदन दूसरे राज्यों के डाक्टर, नर्सेस, पैरामेडिकल सहित अन्य स्टाफ को प्रदेश में व्यवसाय करने की अनुमति देने के आदेश पर बवाल मचा हुआ है। जूनियर डाक्टर, सीजीडीएफ के साथ आईएमए और कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने भी विरोध जताया है। आशंका जताई गई है कि इससे फर्जी डिग्री के मामले बढ़ जाएंगे। इसका विपरीत असर स्थानीय डाक्टरों के हित के साथ मरीजों की सुरक्षा पर भी होगा।

पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग के सर्कुलर के बाद छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल ने आदेश जारी किया था कि दूसरे राज्यों में पंजीकृत डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को छत्तीसगढ़ में व्यवसाय (प्रैक्टिस) करने के लिए सीजीएमसी से अनुमति लेनी की आवश्यकता नहीं होगी। इसे लेकर जूनियर डाक्टर एसोसिएशन और छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन का विरोध जारी है। मामले में उच्चस्तर पर मुलाकात और अधिसूचना वापस नहीं होने पर कड़ा विरोध करने की मंशा बना रहे हैं। इस आदेश पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने आपत्ति की है। तर्क दिया गया है कि ऐसा होने पर फर्जी डिग्री वालों की प्रदेश में एंट्री होने की आशंका बढ़ जाएगी। इससे मरीजों की सुरक्षा साथ ही राज्य के स्थानीय चिकित्सक सहित अन्य कर्मचारियों का अहित होगा। सभी का तर्क है कि अधिसूचना को वापस लेने की आवश्यकता है।

### सतही जानकारी पर आदेश



यह आदेश सतही जानकारी पर आधारित है, केंद्र के आदेश में स्पष्ट दूसरे राज्यों से आने वाले डाक्टरों के दस्तावेजों की वेरीफाई का काम सीजीएमसी को यह काम करना होगा। उन्होंने सवाल उठाया कि सीजीएमसी स्वायत्त संस्था है इसके बाद भी इसका चुनाव दो साल से नहीं हुआ ऐसे में उनके कार्यशैली पर संदेह है। ऐसे में फर्जीवाड़ा होने की आशंका अधिक है। .

- डा. कुलदीप सोलंकी, अध्यक्ष, आईएमए रायपुर

इनका कहना

### मरीजों रक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव



बिना छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण कराए चिकित्सकीय कार्य की अनुमति दी जाती है, तो इससे चिकित्सकीय निगरानी, शिकायत निवारण, अनुशासनात्मक कार्रवाई तथा मरीजों की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। चिकित्सक की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल की भूमिका महत्वपूर्ण है।

- डा. रेशम सिंह, प्रदेश अध्यक्ष, जूनियर डाक्टर एसोसिएशन

### फर्जी डिग्री के मामले बढ़ेंगे



स्वास्थ्य विभाग के इस आदेश के बाद फर्जी डिग्री के मामले बढ़ने की आशंका है। एनएमसी की प्रक्रिया ढीली है ऐसे में जाली डिग्री की आशंका बढ़ जाती है। इस आदेश के लागू होने के बाद स्थानीय डाक्टरों और यहां कड़ी मेहतन करने वाले छात्रों के हितों पर विपरीत असर होगा। इस अधिसूचना को वापस लेने की आवश्यकता है।

- डा. राकेश गुप्ता, अध्यक्ष, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ

### राज्य के डाक्टरों के साथ अन्याय



प्रदेश के हजारों युवा चिकित्सक, इंटर्न, जूनियर डॉक्टर एवं मेडिकल छात्र पहले से ही सीमित रोजगार अवसरों, रिक्त पदों पर भर्ती में विलंब तथा सेवा संबंधी अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में बाहरी राज्यों के चिकित्सकों के लिए बिना किसी स्थानीय नियामक प्रक्रिया के प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करना राज्य के चिकित्सकों के भविष्य के साथ अन्याय है।

- डा. हीरा सिंह, अध्यक्ष, सीजीडीएफ

# दोपहिया सवार महिला बस की ठोकर लगने से उछलकर गिरी, ट्रक से कुचलकर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- आमानाका थाना क्षेत्र के सरोना के पास सोमवार की घटना
- मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

आमानाका तथा मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला तथा एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। सरोरा में बस की ठोकर लगने से महिला बाइक से उछलकर गिर गई। इस दौरान महिला पीछे की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई, जिससे अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

कुम्हारी स्थित परसदा रालस रायल पार्क कालोनी निवासी लक्ष्मी श्रीवास्तव सोमवार रात 10 बजे अपने पति सुनील तथा बच्चों के साथ बाइक से घर जा रही थी। इस दौरान सरोना चौक के पास टाटीबंध से रायपुर की ओर आ रही बस सीजी 08 बीएफ 0990 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार चलाते हुए सुनील की बाइक को ठोकर मार दी। बस की ठोकर लगने से महिला अपने पति तथा बच्चों सहित बाइक से दूर छिटक कर जा गिरी। इस दौरान पीछे से आ रहे ट्रक आरजे 19 जीके 0814 से महिला बुरी तरह से कुचल गई और उसका पति बुरी तरह से घायल हो गया। मौके पर उपस्थित लोग घायलों को उपचार के लिए एम्स लेकर गए। अस्पताल में उपचार के दौरान लक्ष्मी की मंगलवार को मौत हो गई। सुनील तथा उसकी पत्नी रायपुर में दो अलग-अलग निजी अस्पताल में काम करते थे। सुनील का उपचार जारी है।

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से युवकी की मौत

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात आरआईटी कालेज के अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नकटा, गांधी ग्राम निवासी आशीष राम बघेल (24) की एक्सीडेंट में मौत हुई है। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को युवक देर रात बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान आरआईटी कालेज के पास किसी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए आशीष की बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आशीष राम बाइक से उछलकर दूर जा गिरा। सिर तथा शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

# पथ विक्रेताओं को मिला सम्मान योजनाओं की मिली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महात्मा गांधी सदन परिसर में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, शहरी गरीबी उपशमन और समाज कल्याण विभाग अध्यक्ष खेमकुमार सेन, योजना प्रभारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही की उपस्थिति रही।

इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने महिलाओं से अपील की कि वे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना लाभ लेकर जीवन में आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने का प्रण लें। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नारी शक्ति के प्रति दिव्य सोच का परिचायक है। मीनल चौबे ने इस मौके पर योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन में योगदान देने वाले बैंक अधिकारियों का सम्मान किया। इसके साथ ही हितग्राहियों को धनादेश प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वनिधि योजना के लाभ, समय पर ऋण पुनर्भुगतान, डिजिलट लेनदेन को बढ़ावा देने और योजना के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न प्रोत्साहनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित पथ विक्रेताओं ने योजना से मिलने वाले लाभ और अपने अनुभवों को साझा किए।

# बच्चा चोरी के मामले में महिला आयोग ने गठित की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने बुधवार को बच्चा चोरी के एक प्रकरण में सुनवाई की। इस प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि अनावेदक के नर्सिंग होम में सरोगेसी के माध्यम से उनके जुड़वा बच्चे 25 दिसंबर 2023 को हुए थे।

उन्हें बताया गया था कि एक लड़का और एक लड़की है। इस बीच हॉस्पिटल में आवेदिका के लड़के को बदलकर उसे दूसरी लड़की दे दी गई, जिसका डीएनए भी माता-पिता से नहीं मिलता है। इसकी खम्हारडीह थाना में शिकायत भी की गई थी। आवेदिका को न्याय नहीं मिलने पर आयोग में इसकी शिकायत की है। आवेदिका ने आयोग के समक्ष जानकारी दी कि उसके गुम बेटे को दंतेवाड़ा के किसी अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) परिवार को पुलिस प्रशासन द्वारा दिया गया है। इस बच्चे को अनावेदक हॉस्पिटल ने बेचा था। आवेदिका और उसके पति लगातार बच्चे की तलाश कर रहे थे। खरीदार साहू दम्पत्ति ने 9 माह के बच्चे को कोरेगांव धमतरी के जंगल में छोड़ दिया था। थाने वालों ने आश्रम प्रशासन, दंतेवाड़ा को सौंप दिया है। ऐसी स्थिति में आवेदिका ने मांग की है कि बच्चा, आवेदिका और उसके पति का डीएनए टेस्ट कराया जाए। आयोग ने इस मांग पर महिला आयोग की सदस्यों की टीम गठित की है, जो दंतेवाड़ा कलेक्टर एवं एसपी से मिलकर डीएनए टेस्ट की प्रक्रिया कराएगी, ताकि आवेदिका के शक की पुष्टि हो एवं न्याय मिल सके। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया, ओजस्वी मंडावी एवं दीपिका शोरी ने इस प्रकरण में सुनवाई की।

# बस नहीं चलाने वालों का परमिट होगा निरस्त बकाया वसूली के लिए चलाया जाएगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सार्वजनिक परिवहन सुविधा सुचारू रूप से संचालित हो, इसके लिए परिवहन सचिव, आयुक्त एस. प्रकाश ने क्षेत्रीय, जिला परिवहन अधिकारियों के साथ बस एसोसिएशन, वाहन डीलर एसोसिएशन के पदाधिकारियों साथ बुधवार को बैठक की। बैठक में परिवहन आयुक्त ने कई दिशा निर्देश जारी करते हुए आरटीओ, डीटीओ को मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर भी उपस्थित रहे।

बैठक में जिलावार बकाया राजस्व की समीक्षा की गई। परिवहन आयुक्त ने सभी आरटीओ, डीटीओ को गाड़ियों का बकाया टैक्स वसूलने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। बकाया वसूली करने सभी जांच चौकियों और फ्लाइंग स्क्वॉड को बकायादार वाहनों की लिस्ट दी जाएगी। बस आपरेटर तय समय में बसों का संचालन कर रहे हैं या नहीं, इसकी निगरानी करने निर्देश दिए हैं। साथ ही जिन बस ऑपरेटरों द्वारा टाइमिंग पर बसों का संचालन नहीं किया जा रहा है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने निर्देश दिए गए हैं।

### *पीएम राहत योजना लागू होगी*

*सड़क हादसों में घायलों की मदद के लिए प्रधानमंत्री राहत योजना जमीनी स्तर पर लागू करने निर्देश दिए गए हैं। आरटीओ, डीटीओ को दुर्घटना होने पर दुर्घटना स्थल जाकर जांच करने कहा गया है। अस्पतालों-थानों में योजना का प्रचार-प्रसार करने के लिए भी कहा गया है।*

आरटीओ, डीआरटीओ को मुख्यालय में उपस्थित रहने परिवहन आयुक्त ने दिए निर्देश



### ऐसे लोगों का परमिट निरस्त होगा

परमिट लेकर भी बस नहीं चलाने वाले संचालकों का परमिट निरस्त किया जाएगा। अलग-अलग रूट में बस संचालन करने जिन नए आवेदकों ने आवेदन लगाए हैं, उन्हें परमिट जारी करने परिवहन आयुक्त ने निर्देश दिए हैं। बिना उपयोग खड़ी निजी बसों की जांच करने के भी निर्देश दिए गए हैं। दुर्ग के ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर द्वारा अवैध फिटनेस प्रमाण पत्र देने पर फिटनेस सेंटर, वाहन मालिक और वेंडरों पर कार्रवाई के आदेश दिए गए। लग्जरी बसों में ज्वलनशील पदार्थ, अवैध सामान या ओवरलोडिंग मिलने पर जब्ती और एफआईआर कराने निर्देश दिए गए हैं। ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट आरटीओ या अधिकृत अधिकारी की मौजूदगी में परिवहन कार्यालय के भीतर कराने निर्देश दिए गए हैं।

### नए के साथ पुराने यूज्ड कार की नामांतरण प्रक्रिया सरल होगी

बैठक में नई गाड़ियों के पंजीयन और यूज्ड कार नामांतरण की प्रक्रिया सरल करने सहमति प्रदान की गई। डीलर्स को ट्रेड सर्टिफिकेट और सर्विस सेंटर के नियम मानने होंगे। एएनपीआर से कटे ई-चालानों के भुगतान के लिए परिवहन कार्यालय में अलग काउंटर लगेगा। गलत चालान पर आपत्ति करने पर तुरंत सत्यापन कर निरस्त किया जाएगा। परिवहन आयुक्त ने सभी अधिकारियों को 15 दिन में अनुपालन रिपोर्ट भेजने निर्देश दिए हैं।

जीएसटी विशेषज्ञ जितेन्द्र खनूजा ने किया मार्गदर्शन

कैट की छत्तीसगढ़ इकाई ने पंडरी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित की कार्यशाला

# जीएसटी कार्यशाला में विभागीय जांच, नोटिस, आईटीसी ऑडिट और व्यापारियों के अधिकारों पर मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कैट के राष्ट्रीय चेयरमैन अमर पारवानी ने कहा है कि जीएसटी कानून की सही जानकारी ही व्यापारियों की सबसे बड़ी सुरक्षा है, इसलिए जीएसटी जांच से घबराना नहीं चाहिए। इसका समय पर अनुपालन पूरा करें। वर्तमान समय में व्यापारियों के कानूनों की जानकारी उतनी ही आवश्यक है, जितनी व्यवसाय की जानकारी। कैट छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा राजधानी के पंडरी स्थित प्रदेश कार्यालय में जीएसटी पर आयोजित कार्यशाला में श्री पारवानी ने बातें कही।

कार्यशाला में विभागीय जांच, नोटिस, आईटीसी, ऑडिट एवं व्यापारियों के अधिकारों पर जीएसटी विशेषज्ञ जितेन्द्र खनूजा ने मार्गदर्शन किए। कार्यशाला में बड़ी संख्या में व्यापारियों, उद्यमियों, करदाताओं, ट्रांसपोर्टर्स एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर जीएसटी कानून, विभागीय जांच, नोटिस, समन, ऑडिट, फर्जी आईटीसी तथा व्यापारियों के कानूनी अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यशाला में फर्जी बिलिंग एवं फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़े मामलों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। स्वागत उद्बोधन प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने दिया। इस मौके पर मुख्य वक्ता एवं प्रसिद्ध जीएसटी विशेषज्ञ सीए जितेन्द्र सिंह खनूजा ने कहा कि जीएसटी विभाग की किसी भी वैधानिक कार्रवाई से व्यापारियों को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। कानून की सही जानकारी, समय पर अनुपालन एवं आवश्यक दस्तावेजों के उचित रखरखाव से अधिकांश विवादों से बचा जा सकता है।



### कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी

उन्होंने विभागीय जांच, समन, नोटिस, ऑडिट, निरीक्षण, सर्च एवं अन्य कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी नोटिस अथवा समन की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। समय-सीमा के भीतर उचित जवाब देना प्रत्येक करदाता की जिम्मेदारी है। उन्होंने व्यापारियों को सलाह दी कि स्टॉक रिकॉर्ड, खरीद-बिक्री दस्तावेज, ई-वे बिल एवं अन्य अभिलेखों को व्यवस्थित रखें ताकि किसी भी जांच अथवा ऑडिट के दौरान अनावश्यक परेशानियों से बचा जा सके। श्री खनूजा ने कहा कि नियमित रूप से जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी का सत्यापन तथा जीएसटीआर 2 - बी निगरानी भविष्य में होने वाले विवादों को रोक सकती है। उन्होंने माल वापसी,गोदाम प्रबंधन, स्टॉक मिलान, ई-वे बिल, अपील प्रक्रिया तथा विभागीय कार्यवाही से जुड़े विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं पर विचार रखे।

### जीएसटी कानून से डरे नहीं उसे समझे

कैट छत्तीसगढ़ के टेक्निकल हेड एवं कर सलाहकार सीए मुकेश मोटवानी ने कहा कि व्यापारियों को जीएसटी कानून से डरने की नहीं, बल्कि उसे समझने की आवश्यकता है। अधिकांश मामलों में जानकारी के अभाव के कारण व्यापारी अनावश्यक रूप से भयग्रस्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि विभागीय जांच या नोटिस मिलने पर घबराने के बजाय तथ्यों एवं दस्तावेजों के आधार पर जवाब देना चाहिए। कैट की तकनीकी एवं कानूनी टीम प्रदेशभर के व्यापारियों को हर संभव मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने के लिए सदैव उपलब्ध है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित व्यापारियों ने विभागीय जांच, नोटिस, आईटीसी, ऑडिट, ई-वे बिल, अपील प्रक्रिया एवं अन्य व्यावहारिक समस्याओं से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी एवं व्यापारीगण सहित कैट, युवा कैट, महिला कैट, टांसपोर्ट कैट सहित उपस्थित रहे।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 18 जून 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



शतावधानी हंसभद्रमुनि अब हुए ....


**लाइव इवेंट**

## जल बचाने गांव और शहर को जागरूक करेंगे रोटेरियन



**रायपुर।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 ने सेव एवरी ड्रॉप मिशन की शुरुआत की है। इसके तहत रोटेरियन अपने जिले के गांव, शहर और शिक्षण संस्थाओं में लोगों को बारिश का पानी संरक्षित करने जागरूक करेंगे। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे अमित- पल्लवी जायसवाल ने 100 रोटरी क्लबों के पदाधिकारियों को कहा है कि वर्तमान रोटरी वर्ष के समापन में अब केवल 14 दिन शेष हैं। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट द्वारा संचालित सेव एवरी ड्रॉप मिशन के अंतर्गत सभी क्लबों से अपने-अपने क्षेत्रों में कम से कम एक जल संरक्षण गतिविधि आयोजित करने का आग्रह किया गया है। इसमें विद्यालयों में जागरूकता अभियान, ग्राम स्तर पर जनजागरण कार्यक्रम अथवा रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट जैसी गतिविधियां शामिल होंगी। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट के आगामी प्रांतपाल रोटे नवीन भवसार, डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट सदस्य रोटे अंजुल जैन, असिटेंट गवर्नर रोटे अंकुर महेश्वरी, रोटे अभिषेक केशरवानी, रोटे मयंक साहू, रोटे सौरभ माहेश्वरी, रोटे विनय अग्रवाल, सिटी कॉर्डिनेटर भरत डागा एवं डिस्ट्रिक्ट मीडिया चेयरमैन रोटे नितिन जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में जल संरक्षण के प्रति व्यापक जागरूकता उत्पन्न करना है।

### 1 लाख लोगों को जागरूक करने का लक्ष्य

इस मिशन के तहत डिस्ट्रिक्ट का लक्ष्य 1 लाख लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहेगा। यह छोटा प्रयास आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य और जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान सिद्ध होगा। रोटरी परिवार ने सभी नागरिकों से इस जनहितकारी अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया है। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे अमित-पल्लवी जायसवाल ने डिस्ट्रिक्ट 3261 के अंतर्गत आने वाले सभी 100 रोटरी क्लबों के अध्यक्षों, सचिवों, असिस्टेंट गवर्नर्स एवं सिटी कोऑर्डिनेटर्स को पूरे वर्ष उत्कृष्ट सेवा कार्यों के सफल संचालन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

**सिटी इवेंट**

## अंग्रेजी बोलना ही सफलता का आधार नहीं, संवाद भी जरूरी



**रायपुर।** शहर की अग्रणी शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्था युवा द्वारा आयोजित स्पेशल क्लास में सॉफ्ट स्किल ट्रेनर श्रद्धा बख्तियार ने 'कम्युनिकेशन : द आर्ट ऑफ विनिंग माइंड्स' विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। प्रभावी संवाद कला के विभिन्न आयामों को समझाने का सार्थक प्रयास सिविल लाइन स्थित संस्था केन्द्र में ट्रेनर ने किया। इसमें श्रद्धा बख्तियार ने कहा कि जीवन में सफलता केवल ज्ञान या डिग्री से ही नहीं मिलती, बल्कि बात को स्पष्ट, प्रभावशाली और सकारात्मक ढंग से पेश करने की क्षमता भी जरूरी होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अंग्रेजी बोलना सफलता की शर्त नहीं है, बल्कि आत्मविश्वास के साथ संवाद करना ज्यादा जरूरी है। व्यक्ति जिस भाषा में सहज हो, उस भाषा में प्रभावी ढंग से बात रख सकता है।

### सकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाने की सलाह

उन्होंने बताया कि अच्छा संवाद केवल बोलने की कला नहीं, बल्कि सुनने की क्षमता भी है। जो व्यक्ति दूसरों को ध्यान से सुनता है, वही उनकी भावनाओं और विचारों को बेहतर ढंग से समझ पाता है। इसलिए सुनना, समझना और फिर उचित प्रतिक्रिया देना प्रभावी संचार की पहचान है। सत्र में उन्होंने आत्मविश्वास, साहस, कृतज्ञता और दूसरों की सराहना करने की आदत को सफल संवाद की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि लोगों की अच्छाइयों की प्रशंसा करने से न केवल संबंध मजबूत होते हैं, बल्कि अच्छे वातावरण का निर्माण भी होता है।



### क्रोध मुक्त होकर करें चर्चा, लोगों का जीतें दिल

उन्होंने बताया कि किसी भी भाषा को सीखने का सबसे सरल तरीका है, अधिक सुनना और अधिक बोलना है। भाषा केवल पुस्तकों से नहीं, बल्कि निरंतर अभ्यास और संवाद से सीख सकते हैं। विद्यार्थियों को प्रतिदिन कुछ समय अपने विचारों को रिकॉर्ड करके सुनने की सलाह दी, जिससे वह अपनी कमियों को पहचानकर उसमें सुधार कर सकें। व्याख्यान में विनम्रता के महत्व पर विशेष बल देते हुए कहा कि 'प्लीज', 'सॉरी' और 'थैंक यू' जैसे छोटे-छोटे शब्द रिश्तों को मजबूत बनाने की अद्भुत शक्ति रखते हैं। इनका प्रयोग अहंकार और क्रोध से मुक्त होकर किया जाए तो लोगों का दिल जीता जा सकता है। शब्दों का चयन व्यक्ति के व्यक्तित्व का परिचय है। सही समय पर सही शब्दों का प्रयोग संवाद को प्रभावशाली बनाता है।

● नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं में मनपसंद कॉलेज में प्रवेश पाने की मची होड़

# स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए एडमिशन शुरू स्टूडेंट्स की फर्स्ट च्वॉइस सिटी के टॉप 10 कॉलेज

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों के लिए विश्वविद्यालय के ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर स्टूडेंट्स एप्लाई कर रहे हैं। इस दौरान स्टूडेंट्स को एडमिशन पोर्टल पर मिल रहे कॉलेजों के टॉप-10 ऑप्शन में शहर के कुछ चुनिंदा महाविद्यालय शामिल हैं। इनमें खासकर दुर्गा महाविद्यालय, गवर्नमेंट जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज, शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, डीबी गर्ल्स ऑटोनॉमस महाविद्यालय व डॉ. राधाबाई गवर्नमेंट नवीन कन्या महाविद्यालय शुरू से ही छात्र-छात्राओं की पहली पसंद रहे हैं। इन कॉलेजों में इस सत्र में स्नातक की प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं में उपलब्ध कोर्स व एडमिशन को लेकर इनके प्राचार्यों से बातचीत की गई।

**शहर के प्रमुख महाविद्यालयों में प्रवेश को लेकर हर साल स्नातक के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं में होड़ मची रहती है। इस साल भी सभी कॉलेजों में ऑनलाइन माध्यम से एडमिशन प्रक्रिया स्नातक की प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं के लिए प्रारंभ हो चुकी है। जहां शहर के ऑटोनॉमस कॉलेज अपने ऑनलाइन पोर्टल पर प्रवेश फार्म ले रहे हैं।**

### दुर्गा महाविद्यालय में बीए, बीकॉम बीबीए व बीसीए में दाखिला

दुर्गा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोतिभा मुखर्जी ने बताया कि पं. रविशंकर विश्वविद्यालय से हमारा कॉलेज संबद्ध है, जहां विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से स्नातक के लिए बीए, बीकॉम, बीबीए और बीसीए संकायों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। पं. रविशंकर विश्वविद्यालय द्वारा 25 जून तक एडमिशन संबंधित जानकारी सभी संबद्ध कॉलेजों को एक साथ जारी की जाएगी। इसमें दुर्गा महाविद्यालय भी शामिल है। कॉलेज में स्नातक के संचालित चार संकाय में पिछले सत्र के मुताबिक, औसत बीए के लिए 250 सीटें, बीकॉम के लिए 500 सीटें, बीबीए-40 सीटें, बीसीए-40 सीटों पर प्रवेश हुआ था।



**ये महाविद्यालय भी छात्रों के लिए विकल्प :** यूं तो स्नातक डिग्री की कक्षाओं में सभी कॉलेजों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। ऐसे में शहर के प्रमुख महाविद्यालयों में शामिल डीबी गर्ल्स आटोनॉमस महाविद्यालय व डॉ. राधाबाई गवर्नमेंट नवीन कन्या महाविद्यालय भी स्नातक के छात्रों के लिए अच्छा विकल्प है। इन कॉलेजों में प्रवेश लेकर छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को सफल बना सकते हैं।

### छत्तीसगढ़ कॉलेज में ऑनलाइन माध्यम से एडमिशन

गवर्नमेंट जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. तपेश गुप्ता ने बताया कि यह ऑटोनॉमस कॉलेज होने के नाते कॉलेज के स्वयं के पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से एडमिशन फार्म लिए जा रहे हैं। जहां सभी स्नातक क्लास के लिए छात्र-छात्राओं से फार्म लिए जा रहे हैं, ऑनलाइन एडमिशन शुरू हो चुका है। स्नातक कोर्स में बीए सेमेस्टर-1, बीएससी सेमेस्टर-1, बीसीए सेमेस्टर-1 और डिप्लोमा इन बिजनेस मैनेजमेंट संकाय में विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। ऑनलाइन एडमिशन फार्म निर्धारित समय तक कॉलेज में जमा करने होंगे। इसके बाद संकायवार कुल आवेदनों की संख्या डिस्प्ले की जाएगी। वहीं, एडमिशन संबंधी अन्य प्रक्रियाएं, जैसे प्रवेश की मेरिट सूची जारी करना, फार्म सत्यापन, फीस जमा की जाएगी।



### साइंस कॉलेज में विज्ञान और गणित सेक्शन में प्रवेश जारी

शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी ने बताया कि कॉलेज में स्नातक संकाय में विज्ञान के 10 सेक्शन और गणित के 5 सेक्शन में कॉलेज के ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर प्रवेश फार्म लिए जा रहे हैं। सभी कोर्स के लिए आए प्रवेश फार्म की स्कूटनी कर 16 जून के बाद प्रवेश मेरिट सूची जारी की जाएगी। नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं कॉलेज में पहुंचकर भी प्रवेश संबधित जानकारियां प्राप्त कर रहे हैं। स्नातक में प्रवेश को लेकर सभी तरह की तैयारी की गई है, ताकि नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को हर प्रकार से जानकारी उपलब्ध हो सके।

### एडमिशन को लेकर काउंसिलिंग भी

महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने बताया कि कॉलेज में स्नातक संकाय के बीकॉम मेन्स, बीकॉम कंप्यूटर, बीए, बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी इंफारमेंशन टेक्नोलॉजी, बीएजेएमसी के लिए छात्र-छात्राओं से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल से प्रवेश फार्म लिए जा रहे हैं। इसके अलावा कॉलेज में एडमिशन संबधित जानकारी लेने पहुंच रहे उन छात्र-छात्राओं के लिए काउंसिलिंग टीम की व्यवस्था की गई है।

### कहां-कितनी सीटें अवलेबल

#### डिग्री गर्ल्स कॉलेज में 60 प्रतिशत से ऊपर कटऑप की उम्मीद

डिग्री गर्ल्स कॉलेज में बीएससी मैथ्स में 115, बॉयोलॉजी में 240, बायो टेक्नोलॉजी में 30, कंप्यूटर साइंस में 50, बीकाम में 200, बीए में 400 सीटें उपलब्ध हैं। इस साल भी मेरिट लिस्ट का कटऑफ पिछले साल की तरह 60 फीसदी नंबर से ज्यादा रहने की उम्मीद है।

#### साइंस कॉलेज में 884 सीटों पर चार से अधिक चरण में प्रवेश

साइंस कॉलेज में बीएससी फर्स्ट ईयर के लिए कुल 954 सीटें हैं, जिनमें सर्वाधिक सीटें बीएससी बायो में 220 और मैथ्स में 230 सीटें शामिल हैं, जिसमें कटऑफ 70 फीसदी से ऊपर ही जाता है। इसके अलावा भूगर्भ शास्त्र (जूलॉजी, बॉटनी), रक्षा-अध्ययन में 30-30 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। सूक्ष्म जीव विज्ञान में 40, जैव-रसायन में 24, जैव प्रौद्योगिकी में 60, सूचना प्रौद्योगिकी में 63, कंप्यूटर प्रौद्योगिकी में 63 सीटें उपलब्ध हैं। 50-50 सीटें भूगोल और अर्थशास्त्र की हैं।

#### छत्तीसगढ़ कॉलेज बीएससी बायो में 265 व मैथ्स में 163 सीटें

छत्तीसगढ़ कॉलेज में बीकॉम फर्स्ट ईयर में 235, बीकॉम कप्यूटर साइंस में 30, बीएससी बायो में 265 और मैथ्स में 163 सीटें हैं। विधि प्रथम सेमेस्टर में 160 सीटों पर प्रवेश जारी है। वहीं, बीएससी कंप्यूटर साइंस में 40 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।

## ग्रीन सिटी बनाने में नागरिक व संस्थाएं करेंगी काम तो क्लाइमेट चैंज की समस्या होगी दूर

**रायपुर।** शहर में बढ़ते जलवायु संकट की चुनौतियों के समाधान पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय 'स्कोप एंड चैलेंच ऑन क्लाइमेट रेज़िरिएंस इन रायपुर' रखा गया। यह आयोजन बुधवार को जेल रोड स्थित सेलिब्रेशन होटल में शाम 4 बजे रायपुर सिटीजन इनिसिएटिव ऑन क्लाइमेट रेज़िरिएंस के तत्वावधान में किया गया। इसमें पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों, पर्यावरण प्रेमियों, जागरूक नागरिकों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताजों तथा शैक्षणिक संस्थानों को साझा मंच प्रदान किया गया। कार्यशाला में विभिन्न स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, रायपुर घरेलू कामगार महिला संगठन के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का परिचय गौतम बंधोपाध्याय (सीएआरडी संस्था) ने प्रस्तुत किया। तकनीकी सत्रों का संचालन प्रकाश गाड़िया ने किया।





### इन विशेषज्ञों ने बताए समाधान के उपाय

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अरविन्द अनिल बाज (पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक छत्तीसगढ़ शासन एवं वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय जलवायु एवं आजीविका विशेषज्ञ), डॉ. जीके दास (पूर्व अधिष्ठाता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय), प्रो. डॉ. मोनिका सेठी शर्मा प(रो-वाइस चांसलर कलिंगा यूनिवर्सिटी), डॉ. निस्तर कुजूर (पूर्व विभागाध्यक्ष सामाजिक विज्ञान एवं मानवशास्त्र विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय), डॉ. सुरेश साहू (अजीम प्रेमजी फाउंडेशन), हीरल देव प्रोग्राम (डायरेक्टर कोहेजन फाउंडेशन, अहमदाबाद), सौरभ कुमार क्लाइमेट (एक्सपर्ट एक्शनएड झारखंड) ने जलवायु परिवर्तन के समाधान के उपाय बताए।

## योग महोत्सव की श्रृंखला में पांच दिन होंगे कई आयोजन

**रायपुर।** सर्व समिति की पहल पर आगामी पांच दिनों तक होने वाले योग महोत्सव के लिए अंतरराष्ट्रीय नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन द्वारा जिम्मेदारियों का विभाजन किया गया है। छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. छगनलाल सोनवानी को ही महोत्सव का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस संबंध में योग महोत्सव के सोशल मीडिया प्रभारी आशीष तांडी ने बुधवार को बताया कि डॉ. सोनवानी लंबे समय से योग, प्राकृतिक चिकित्सा, स्वास्थ्य जागरूकता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए सर्व समिति द्वारा यह बड़ी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। हर दिन किस-किस तरह के आयोजन होंगे, अभी इसकी रूपरेखा तय की जाएगी।

### जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा

*उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. सोनवानी के नेतृत्व में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय योग महोत्सव जन-जागरूकता, स्वास्थ्य संवर्धन एवं योग के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। महोत्सव के माध्यम से लोगों को योग और प्राकृतिक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही बेहतर स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश भी आयोजन की कड़ी में दिया जाएगा। सर्व समिति ने जिले एवं प्रदेश के सभी योग साधकों, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों से योग महोत्सव में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आग्रह किया है।*

**कार्नर न्यूज**

मानसरोवर की यात्रा करके लौटे ग्रुप का एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

# कैलाश मानसरोवर की तीन दिन में 45 किलो मीटर की परिक्रमा माइनस 4 डिग्री तापमान में की पूरी

**रायपुर।** शहर के 22 लोगों का ग्रुप कैलाश मानसरोवर की यात्रा कर लौट आया है। बुधवार को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर सुबह 10 बजे ग्रुप का उत्साह के साथ आगमन हुआ। यह ग्रुप 4 जून को रायपुर से कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए रवाना हुआ था। यात्रा से लौटकर ग्रुप के सदस्यों ने कैलाश मानसरोवर की अद्भुत परिक्रमा का वृतांत हरिभूमि के साथ साझा किए। कैलाश मानसरोवर यात्रा पर ग्रुप लेकर गए नमन हॉलीडे के सरनजीत सिंह ने बताया कि नमन हॉलीडे का 17वां कैलाश मानसरोवर यात्रा था, जो 22 लोगों के साथ सकुशल पूरा हुआ। यात्रियों ने 4 से 17 जून तक इस अद्भुत यात्रा का आनंद लिया। साथ ही कैलाश मानसरोवर की तीन दिन में 45 किलोमीटर की परिक्रमा माइनस 4 डिग्री सेल्सियस में पूरी की। सभी 22 लोग स्वस्थ्य वापस अपने शहर लौट आए हैं। इन यात्रियों का स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर इनकी खुशी और उत्साह देखते ही बना।



### इन मार्गों से होते हुए पहुंचे कैलाश मानसरोवर

कैलाश मानसरोवर यात्रियों ने बताया कि उनका ग्रुप 4 जून की रात नेपाल-चाइना बॉर्डर पर नेपाल गंज पहुंचे, जहां दूसरे दिन चाइना के हिलसा सिटी पहुंचे। हिलसा में 2 दिन ठहरने के बाद 8 जून को टकलाकोट सिटी से बाय रोड लगभग साढ़े चार घंटे की सफर कर मानसरोवर के दर्शन के लिए पहुंचे। इसके अगले दिन 11 व 12 जून को कैलाश की परिक्रमा की।

### दिन के साथ बदलते हैं कैलाश पर्वत के नजारें

कैलाश मानसरोवर के यात्रा में गए प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि जैसे-जैसे दिन चढ़ता जाता है, कैलाश पर्वत का दृश्य बदलता जाता है। सूरज की रोशनी पड़ने से पहले तक सुबह के समय पर्वत श्वेत रंग में दिखता है और जैसे-जैसे सूर्य की किरण पर्वत को छूता जाता है, उसका रंग धीरे-धीरे हल्के पीले होते हुए गोल्डन रंग हो जाता है। यात्रा के दौरान वहां पर बेहद स्नो फाल हो रहा था। उनका पूरा ग्रुप पहले दिन 14 किलोमीटर की ही कैलाश मानसरोवर की परिक्रमा पूरी कर पाए, फिर खराब मौसम के चलते वापस लौटना पड़ा।



## धर्म लाइव

# मनोहर श्रीजी महाराज की प्रतिमा स्थापना में शामिल हुए आचार्य



**रायपुर।** खरतरगच्छाचार्य पीयूष सागर महाराज एवं पूज्य आचार्य श्री सम्यक रत्न सागर महाराज की पावन निश्रा तथा प्रेरणास्रोत नवकार जपेश्वरी श्री शुभंकरा श्रीजी महाराज की प्रेरणा से छत्तीसगढ़ रत्न शिरोमणि, पूज्य महतरा पद विभूषिता मनोहर श्रीजी महाराज की प्रतिमा की विधिवत स्थापना की गई। इससे मनोहर जीवन कल्याण वृद्ध निवास, महामाई पारा में भक्तिमय वातावरण निर्मित हुआ। इस अवसर पर निपूर्णा वाटिका, सदर बाजार से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें साधु-साध्वी भगवंत, श्रावक-श्राविकाएं तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्ति एवं श्रद्धा से ओतप्रोत यह यात्रा गाजे-बाजे, मंगल गीतों एवं जयघोषों के साथ विभिन्न मार्गों से होते हुए ऑर्टिस्टिक वाइब्स फाउंडेशन द्वारा संचालित मनोहर जीवन कल्याण वृद्ध निवास पहुंची। जहां शोभायात्रा का समापन हुआ।

### आध्यात्मिक एवं स्नेहपूर्ण वातावरण जीवन में मिल सके

प्रतिमा स्थापना से पूर्व गुरु भगवंतों ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि यह केवल एक वृद्धाश्रम नहीं, बल्कि सेवा-निवृत्तजनों के लिए साधना, सेवा और आत्मिक उन्नयन का केंद्र है। उन्होंने कहा कि पूज्य मनोहर श्री जी महाराज सदैव यह संदेश देते थे कि अपने लिए तो सभी जीते हैं, किंतु जो व्यक्ति मानवता और जीवों के कल्याण के लिए कार्य करते हैं, वही वास्तविक रूप से अनुमोदनीय एवं वंदनीय है। गुरु भगवंतों ने उपस्थित जनसमुदाय से आह्वान किया कि वे इस सेवा प्रकल्प से तन, मन एवं धन से जुड़कर सहयोग करें। जिससे निराश्रित वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानपूर्ण, आध्यात्मिक एवं स्नेहपूर्ण वातावरण जीवन में मिल सके।

## कैंपस लाइव

# स्मृति पुस्तकालय योजना को साकार करने पुस्तक दान



**रायपुर।** सीएम विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में संचालित स्मृति पुस्तकालय योजना जनभागीदारी का प्रेरक उदाहरण बनती जा रही है। इस पहल के माध्यम से लोग स्वेच्छा से पुस्तकें और इलेक्ट्रोनिक्स गैजेट दान करके युवाओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में योगदान देने आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को रायपुर राजस्व पटवारी संघ ने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को प्रतियोगी परीक्षा सबंधी पुस्तकें दान की। कलेक्टर डॉ. सिंह ने उनके इस सराहनीय योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास से जरूरतमंद एवं प्रतिभावान अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। स्मृति पुस्तकालय योजना के तहत अब तक करीब 14 हजार पुस्तकें और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स दान किए जा चुके हैं।

### युवाओं के कॅरियर निर्माण में सहयोग करने की अपील

इन संसाधनों का लाभ लेकर विद्यार्थी अपनी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को नई दिशा दे रहे हैं। इस दौरान राजस्व पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे भी इस पुनीत पहल से जुड़कर ज्ञान के दान में भागीदार बनें और युवाओं के सपनों को साकार करने में सहयोग दें। पुस्तक अथवा इलेक्ट्रॉनिक गैजेट दान करने के इच्छुक प्रबुद्धजन युवाओं के कॅरियर निर्माण में सहयोग कर सकते हैं।

## सिटी लाइव

# डाक सेवाओं को बेहतर करने पहल, लगाएंगे डाक अदालत

**रायपुर।** पत्र व्यवहार की सुविधा देने वाली डाक सेवाओं को बेहतर करने के लिए समय के साथ बदलाव और प्रयास भी किए जा रहे हैं। कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, छत्तीसगढ़ परिमण्डल द्वारा डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों के समाधान के लिए परिमण्डल स्तर पर डाक अदालत का आयोजन 29 जून को शाम 04 बजे किया जाएगा। डाक अदालत में ग्राहकों की सेवा को बेहतर करने के लिए सभी तरह के बिन्दुओं पर सार्थक संवाद किया जाएगा। इस कड़ी में डाक सेवाओं से जुड़ी समस्याओं डाक वस्तुओं का वितरण, काउंटर सेवाएं, लघु बचत योजनाएं आरडी, बचत बैंक, बचत पत्र, रजिस्ट्री पर चर्चा की जाएगी।

भारतीय डाक Indian Post

### सभी समाधान डाक अदालत में किया जाएगा

इसके साथ ही पार्सल, एक्सप्रेस पार्सल, स्पीड पोस्ट, मनीआर्डर, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा से संबंधित शिकायतों का समाधान डाक अदालत में किया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए विभाग ने डाक ग्राहकों से आग्रह किया है कि अपनी शिकायतें यदि कोई हो, तो प्रकरण पूर्ण विवरण सहित कार्यालय मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, छत्तीसगढ़ परिमण्डल रायपुर को 24 जून को दोपहर 2 बजे तक प्रस्तुत करें। इस डाक अदालत का आयोजन कार्यालय मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, छत्तीसगढ़ परिमण्डल रायपुर जीपीओ बिल्डिंग द्वितीय तल, जयस्तंभ चौक के पास स्थित कार्यालय में किया जाएगा। जहां समाधान देने अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

---

राजधानी के इंडोर स्टेडियम में आचार्य पदारोहण, तपस्या एवं सहस्त्रावधान महोत्सव में आस्था का सैलाब

# शतावधानी हंसभद्रमुनि अब हुए सहस्त्रावधान, बढ़ते और घटते क्रम में 1000 शब्दों का उच्चारण बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

'इन दिनों बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में आचार्य पदारोहण, तपस्या एवं सहस्त्रावधान महोत्सव की धूम मची है। बुधवार को आस्था का सैलाब उमड़ा। जहां शतावधानी हंसभद्रमुनिजी के सहस्त्रावधान में कई दुर्लभ एवं ऐतिहासिक प्रदर्शन ने इस अवसर को यादगार बना दिया। वहीं, एक से 1000 और 1000 से एक तक बढ़ते और घटते क्रम में शब्दों का उच्चारण करते हुए मुनिश्री ने इतिहास रच दिया। यह दुर्लभ क्षण गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज हुआ। वहीं, महोत्सव के दूसरे दिन भी हजारों की तादाद में लोग साक्षी बनें।'





**रायपुर।** आध्यात्मिक महापर्व का तीन दिवसीय सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रहा। जहां 16 से 18 जून तक आयोजित आचार्य पदारोहण, सहस्त्रावधान एवं तपस्या महोत्सव का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। सकल जैन समाज छत्तीसगढ़, अखिल भारतीय खरतरगच्छ महासंघ तथा आचार्य पदारोहण सहस्त्रावधान तपस्या महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस विराट आयोजन में देशभर से हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने परिसर को धर्ममय बना दिया है। भगवान महावीर स्वामी एवं जिन शासन के जयघोषों से स्टेडियम गुंजायमान हो रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन पूज्य शतावधानी हंसभद्रमुनिजी द्वारा सहस्त्रावधान का दुर्लभ एवं ऐतिहासिक प्रदर्शन किया गया। जिसे देखकर लोग भी आश्चर्यचकित हुए। मुनिजी ने एक से लेकर 1000 तक क्रमवार नामों को बताना शुरू किया। पहले बोर्ड पर मंदिर उपकरण, दो और तीन अंकों की संख्या, तीर्थंकरों के नाम, भगवानों के नाम, रामायण और महाभारत के किरदारों के नाम, भारतीय इतिहास के राजाओं के नाम, मोबाइल, वाहन, ऐप समेत 100 वर्गों के 10-10 नाम लिखे।

### ऐतिहासिक प्रदर्शन बना गोल्डन बुक का हिस्सा

आस्थामय वातावरण में मुनिजी ने पहले उन्हें पढ़ा और एक से लेकर 1000 और 1000 से लेकर एक तक शब्दों का उच्चारण किया। इस अनूठी प्रस्तुति के दौरान मुनिश्री ने उपस्थित लोगों द्वारा पूछे गए एक हजार प्रश्नों के उत्तर भी दिए। सभी ने उनसे बीच की संख्याओं में लिखा नाम पूछा तो उन्होंने उसका उत्तर भी दिया। मुनिश्री का यह ऐतिहासिक प्रदर्शन गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। महोत्सव समिति के मुख्य संरक्षक राजेश मूणत, अध्यक्ष सुनील पारख, संयोजक राजेश बुरड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक बरड़िया एवं ललित पटवा ने महोत्सव को दिव्य स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाते हुए तय जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया।

### मुनियों की मौजूदगी में दिव्य महोत्सव संचालित

पदारोहण महोत्सव में कोषाध्यक्ष बसंत झाबक, प्रचार-प्रसार समिति के अजय मालू, कन्हैया लूनावत और भूपेंद्र कोटड़िया ने बताया कि यह आयोजन भारतीय जैन इतिहास में एक अद्वितीय अध्याय है। महोत्सव में समाज के लोगों का उत्साह देखने को मिला। देश के कई शहरों से आए पांच हजार से अधिक समाज के लोगों की मौजूदगी ने आयोजन को भव्य स्वरूप दिया। मंच से गणाधीश विनयकुशल मुनि महाराज, बालमुनि श्री हंसभद्र मुनि महाराज, तप चक्रवर्ती श्री वीरभद्र मुनि महाराज (श्री विराग मुनि जी), पियूष सागर महाराज आदि ठाणा, राष्ट्र संत नेपाल केशरी संत श्री मणिभद्र मुनि जी म सा आदि ठाना की पावन निश्रा में सभी विधान संचालित हो रहे हैं। तप साधना के क्रम में वीरभद्र मुनि का 168वां उपवास गतिमान रहा।

### साधना और भक्ति का महासंगम भी ऐतिहासिक

महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुनील पारख एवं महासचिव अशोक कांकरिया ने बताया कि महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला विशेष रूप से शामिल होंगे। इनके अलावा राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। तीन दिवसीय इस महोत्सव को लेकर समाज में अपार उत्साह है। इस महोत्सव को लेकर समिति ने बताया कि रायपुर की धरती पर धर्म, तप, साधना और भक्ति का महासंगम एक ऐतिहासिक अध्याय के रूप में स्थापित हो रहा है।

---

# सिख काउंसिल ने गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर वितरित किया शरबत



**रायपुर।** सिख पंथ के पांचवें गुरु और शहीदों के सरताज गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल ने राजधानी के जयस्तंभ चौक पर विशाल छबील सेवा का आयोजन किया। इसमें राहगीरों एवं श्रद्धालुओं को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने मीठा एवं ठंडा शरबत और चना वितरित किया। छबील सेवा गुरु साहिब के शहादत को स्मरण करते हुए अरदास के साथ शुरू की गई। सेवा भावना एवं मानवता के संदेश को आत्मसात करते हुए समाज के गुरुद्वारा कमेटियों ने छबील सेवा में सहभागिता निभाईं। राहगीरों ने भी अपने वाहन रोककर शरबत ग्रहण किया तथा गुरु अर्जन देव के शहादत को नमन करते हुए सेवा भावना को सराहा। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग और छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि गुरु अर्जन देव ने मानवता, धर्म और सत्य की रक्षा के लिए अद्वितीय बलिदान दिया।

### 40 दिनों तक सभी गुरुद्वारों में किया गया सुखमणि साहिब पाठ



गुरु अर्जन देव का जीवन, त्याग, सेवा, सहिष्णुता एवं समर्पण प्रेरणास्रोत है। तपती गर्मी में मुगल बादशाह द्वारा आज ही के दिन शहादत दी थी। उनको स्मरण करते हुए ठंडे शरबत की छबील लगाई है। इससे पूर्व 40 दिनों तक सभी गुरुद्वारों में सुखमणि साहिब का पाठ भी किया गया। छबील सेवा केवल परंपरा नहीं, बल्कि मानव सेवा के प्रति समर्पण है, जो सिख पंथ की भावना को समाज तक पहुंचाती है। इस अवसर पर समाजसेवी हैप्पी सिब्बल, जगजीत सिंह खनूजा, जीएस भामरा, विधायक मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल के महासचिव गगनदीप सिंह हंसपाल, गुरदीप टुटेजा, बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, फिल्म विकाश निगम की अध्यक्ष मोना सेन, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, महिला विंग की अध्यक्ष रतनजीत कौर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# ओम भवति भिक्षां देहि... की रही गूंज दस बटुकों का हुआ सामूहिक उपनयन

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में सामूहिक मुंज संस्कार के बाद जब बच्चों ने अपनी माताओं से भिक्षा मांगी तो पूरा मंडल परिसर 'ओम भवति भिक्षां देहि...' की नाद से गूंज उठा। महाराष्ट्र मंडल और महाराष्ट्र संस्कार केंद्र के इस संयुक्त तत्वावधान में 10 बटुकों का उपनयन संस्कार मराठी संस्कृति से संपन्न कराया गया। महाराष्ट्र मंडल के सचिव और संस्कार केंद्र के संस्थापक चेतन दंडवते ने बताया कि 'ओम भवति भिक्षां देहि' मंत्र के साथ बटुक माताओं से भिक्षा मांगते हैं और अध्ययन के लिए काशी की यात्रा पर जाते हैं। 'चतुर्वेदान षट्शास्त्राणि अष्टादशपुराणानि पठिता भवामि' अर्थात 'हे माई! मुझे भिक्षा दें, ताकि मैं चारों वेद, छह शास्त्र और 18 पुराणों का अध्ययन कर सकूं। आचार्यों ने विधि विधान और वेद मंत्रोच्चार के साथ बटुकों का षोडस संस्कारों में से एक उपनयन संस्कार कराया।

### सुबह उपनयन संस्कार की प्रक्रिया शुरू हुई

आचार्य दंडवते ने बताया कि सुबह 8.30 बजे उपनयन संस्कार की प्रक्रिया शुरू हुई। सबसे पहले मंडप पूजन किया गया। इसके बाद मातृका पूजन एवं मातृभोज, फिर मंगलाष्टक संपन्न कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि संपन्न कराने के बाद सभी बटुकों ने भिक्षाटन कर काशी की यात्रा की। आयोजन में गीता दलाल, रेणुका पुराणिक, नमिता शेष, पल्लवी मुकादम, मेघा पोतदार, डॉ. शुचिता देशमुख, प्रिया बक्षी, भारती पलसोदकर, अंकिता किरवई, यशस्वी दंडवते, अक्षता पंडित, अंजलि काले, सृष्टि दंडवते, गौरी क्षीरसागर, संध्या खंगन का विशेष सहयोग रहा। वैदिक परंपरा में षोडश संस्कार (16 संस्कार) वह महत्वपूर्ण कर्म और अनुष्ठान है, जो मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक, उसके शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए किए जाते हैं। इन संस्कारों में से एक है यज्ञोपवीत संस्कार। यह व्यक्ति को अनुशासन, ज्ञान और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

---

अंतरराष्ट्रीय शोध मंच 20वें लर्निंग एंड इंटेलिजेंट ऑप्टिमिजेशन-20 सम्मेलन में लिया भाग

# एआई की नई तकनीक से मानव जीवन को उन्नत बनाने ट्रिपल आईटी के स्टूडेंट्स ने पेश किए चार शोध पत्र

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** ट्रिपल आईटी के चार स्टूडेंट्स ने इटली यूनिवर्सिटी में चार रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए हैं। इनमें एआई सिस्टम पर आधारित मॉडल इमेज स्टेगनैलिसिस, हीमोग्लोबिन के अनुमान, मल्टीमॉडल एक्सप्लेनेबल फ़ायर डिटेक्शन और बजटेड मल्टी-ऑब्जेक्टिव फ़ीचर इंजीनियरिंग पर शोध शामिल हैं। यह शोध दुनिया भर में मानव जीवन को उन्नत बनाने में अहम माने जा रहे हैं। इन स्टूडेंट्स ने 16 से 19 जून तक इटली के मिलान स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ मिलानो-बिकोका में 20वें लर्निंग एंड इंटेलिजेंट ऑप्टिमिजेशन-20 सम्मेलन में शोध पेपर प्रस्तुत किए हैं। इनमें शोधार्थी स्टूडेंट लक्ष्य गर्ग ने एडप्ट एसआर-नेट तकनीक पर आधारित अडैप्टिव फ़िल्टर-अटेंशन फ़्यूज़न के ज़रिए इमेज स्टेगनैलिसिस को बेहतर बनाने रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया है, जबकि शशांक मिश्रा ने शारीरिक सीमाओं के तहत सीखने के लिए फ़िज़िक्स-गाइडेड ऑप्टिमाइज़ेशनः हीमोग्लोबिन के अनुमान पर एक केस स्टडी तैयार की है। वहीं, शोधार्थी अभिराम अल्ला ने मल्टीमॉडल एक्सप्लेनेबल फ़ायर डिटेक्शन मज़बूत वाइल्डफ़ायर मॉनिटरिंग के लिए



वायओवायओ वी-8 , ट्रांसफ़ॉर्मर-बेस्ड अटेंशन और थर्मल विज़न को इंटीग्रेट करने सहित एक्सप्लेनेबल एप्लीकेंट ट्रैकिंग सिस्टम के लिए कोसाइन-अडैप्टिव लुकअहेड ऑप्टिमाइज़ेशन पर रिसर्च किया है। वहीं, कार्तिक पांडे ने एलएलएम गाइडेड प्रोग्राम सर्च के ज़रिए बजटेड मल्टी-ऑब्जेक्टिव फ़ीचर इंजीनियरिंग पर शोध पेपर प्रस्तुत किए हैं। यह शोध पेपर ट्रिपलआईटी की प्रोफेसर डॉ. विजय जे के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया गया है।

### विविध क्षेत्रों में कार्य गुणवत्ता को बढ़ाने सक्षम

कार्तिक पांडे ने अपने रिसर्च के बारे में बताया कि नई तकनीक एआई की मदद से तेजी से काम करता है और इसकी भविष्यवाणियां अधिक सटीक होती हैं। इसका सीधा लाभ व्यवसायों, सरकारी विभागों और उद्योगों को मिल सकता है। उदाहरण के लिए, दुकानदार बिक्री का बेहतर अनुमान लगा सकेंगे, किसान मौसम और फसल संबंधी निर्णय अधिक सटीकता से ले सकेंगे, जबकि शहरों में ट्रैफिक और संसाधन प्रबंधन भी अधिक प्रभावी हो सकेगा। कम कंप्यूटिंग लागत के कारण यह तकनीक छोटे संस्थानों और स्टार्टअप्स के लिए भी उपयोगी साबित हो सकती है।

### नवीनतम शोध कार्यों पर केंद्रित प्रोग्राम

सम्मेलन के अंतर्गत एडवांसेस इन डाटा ड्राइवेन आप्टिमिजेशन एंड एआई इनहैस्ड प्रोसेस मिनिंग विषयक एक विशेष सत्र आयोजित किया गया है, जिसके सह-आयोजकों में ट्रिपल आईटी नवा रायपुर के कुलपति एवं निदेशक प्रो. ओम प्रकाश व्यास, संस्थान की सहायक प्राध्यापक डॉ. जे. विजया तथा यूनिवर्सिटी ऑफ पीसा इटली के शोधकर्ता शामिल हैं। यह विशेष सत्र डेटा-चालित, प्रोसेस माइनिंग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित व्यावसायिक प्रक्रिया विश्लेषण के नवीनतम शोध कार्यों पर केंद्रित है।

## हेल्थ टिप्स

### ज्यादा प्रोटीन से यूरिक एसिड पर होता है असर, जरूर जानिए



अक्सर लोगों को लगता है कि हाई प्रोटीन डाइट से शरीर का यूरिक एसिड बढ़ता है। इस बात में कितनी सच्चाई है, आज यहां जानेंगे। आज के समय में फिटनेस और वजन घटाने के लिए हाई प्रोटीन डाइट का चलन तेजी से बढ़ रहा है। जिम जाने वाले लोग, एथलीट्स और वेट लॉस करने वाले व्यक्ति अक्सर अपनी डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ा देते हैं। लेकिन इसके साथ ही एक आम धारणा यह भी है कि ज्यादा प्रोटीन खाने से शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है, जिससे जोड़ों में दर्द और गाउट जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

क्या यह सच है या सिर्फ एक मिथक? सही जानकारी के बिना डाइट फॉलो करना नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि हाई प्रोटीन डाइट को संतुलित तरीके से अपनाया जाए ताकि शरीर स्वस्थ रहे और यूरिक एसिड भी नियंत्रित रहे। यहां हम आपको इसकी सच्चाई बताएंगे।

#### प्रोटीन और प्यूरीन का संबंध

कुछ प्रोटीन स्त्रोतों में प्यूरीन नामक प्राकृतिक तत्व पाया जाता है, जो शरीर में जाकर यूरिक एसिड बनाता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हर प्रकार का प्रोटीन यूरिक एसिड बढ़ा देता है। शरीर खुद भी प्यूरीन बनाता है और भोजन से मिलने वाला हिस्सा केवल एक कारक होता है। समस्या तब बढ़ती है जब हाई-प्यूरीन फूड्स का अधिक सेवन लगातार किया जाए और शरीर उसे ठीक से बाहर न निकाल पाए।



#### हर प्रोटीन नुकसानदायक नहीं होता

सभी प्रोटीन स्त्रोत एक जैसे नहीं होते। अंडा, दूध, दही और पनीर जैसे डेयरी प्रोडक्ट्स तथा पौधे आधारित प्रोटीन जैसे दालें और चने आमतौर पर यूरिक एसिड पर बहुत ज्यादा असर नहीं डालते। असली जोखिम रेड मीट, ऑर्गन मीट (जैसे लीवर) और कुछ सी-फूड से ज्यादा जुड़ा होता है, जिनमें प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है।

#### मात्रा सबसे महत्वपूर्ण

किसी भी पोषक तत्व की तरह प्रोटीन में भी संतुलन जरूरी है। यदि प्रोटीन का सेवन जरूरत से ज्यादा किया जाए, तो शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। लेकिन सामान्य और संतुलित मात्रा में हाई प्रोटीन डाइट लेने से यूरिक एसिड का स्तर खतरनाक रूप से नहीं बढ़ता। इसलिए डाइट को बैलेंस रखना सबसे अहम है।

#### पानी की कमी भी कारण

शरीर में पानी की कमी होने पर यूरिक एसिड ठीक से बाहर नहीं निकल पाता और किडनी पर दबाव बढ़ जाता है। इससे यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। पर्याप्त पानी पीना शरीर से टॉक्सिन्स और अतिरिक्त यूरिक एसिड को बाहर निकालने में मदद करता है, इसलिए हाइड्रेशन बेहद जरूरी है।

#### लाइफस्टाइल का असर

यूरिक एसिड बढ़ने का कारण सिर्फ डाइट नहीं है, बल्कि पूरी लाइफस्टाइल होती है। मोटापा, शराब का सेवन, कम शारीरिक



गतिविधि और अनहेल्दी खान-पान इसके बड़े कारण हैं। नियमित एक्सरसाइज और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाकर इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

#### तो आखिर क्या है निष्कर्ष?

हाई प्रोटीन डाइट सीधे तौर पर यूरिक एसिड बढ़ाने का मुख्य कारण नहीं है। असली समस्या तब होती है जब गलत प्रकार का प्रोटीन अधिक मात्रा में लिया जाए और लाइफस्टाइल अनहेल्दी हो। संतुलित आहार, पर्याप्त पानी और नियमित व्यायाम के साथ हाई प्रोटीन डाइट को सुरक्षित रूप से अपनाया जा सकता है।

मौसम का असर पड़ता है हमारी पाचन प्रणाली पर

# इस मौसम में पेट की सेहत को दुरुस्त रखने इन बातों पर दें विशेष ध्यान, तकलीफों से हमेशा रहेंगे कोसों दूर

अभी गर्मी पूरी तरह गई नहीं है और बारिश भी जमकर नहीं हुई है. ऐसे में मौसम कुछ अलग सा है। इस मौसम में अक्सर पेट से संबंधित समस्याएं देखने को मिलती हैं, और इसके कई कारण हो सकते हैं। इसलिए हेल्दी गट हेल्थ के लिए डाइट से संबंधित कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, जिसके बारे में आपको भी जानना चाहिए।

गर्मियों का मौसम आते ही हम सभी शरीर को ठंडा रखने और त्वचा की देखभाल पर ध्यान देते हैं, लेकिन अक्सर यह भूल जाते हैं कि यह भीषण गर्मी हमारी पाचन प्रणाली यानी गट हेल्थ पर भी गहरा असर डालती है। सूरज की तपिश और बढ़ता तापमान न केवल हमें बाहर से परेशान करता है, बल्कि अंदरूनी तौर पर भी हमारी पाचन क्रिया को प्रभावित कर सकता है।

भीषण गर्मी में डिहाइड्रेशन, खान-पान में छोटी सी लापरवाही, और हानिकारक बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इन कारणों से पेट से जुड़ी सामान्य समस्याएं जैसे कब्ज, अपच, दस्त और पेट दर्द आम हो जाती हैं। यह सिर्फ असहजता ही नहीं, बल्कि शरीर की ऊर्जा और पोषक तत्वों के अवशोषण को भी बाधित कर सकती है। इसलिए, जिस तरह हम अपनी त्वचा को धूप से



बचाते हैं, ठीक उसी तरह गर्मियों में अपनी आंतों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है, ताकि पाचन तंत्र स्वस्थ रहे और हम इस मौसम का पूरा आनंद ले सकें। आइए जानते हैं कि गर्मियों में गट हेल्थ को दुरुस्त रखने के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### हाइड्रेशन का रखें ध्यान

गर्मी में पसीने के कारण शरीर से पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो जाती है, जिससे पाचन तंत्र प्रभावित होता है। पर्याप्त पानी पीना गट हेल्थ के लिए जरूरी है, क्योंकि यह भोजन को पचाने और मल को नरम रखने में मदद करता है। रोजाना 8-10 गिलास



पानी पिएं। इसके अलावा आप अपने शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए नारियल पानी, नींबू पानी, और छाछ जैसे पेय पदार्थ को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। ये पेय शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करते हैं संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। मीठे और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स से बचें, क्योंकि ये पाचन को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### प्रोबायोटिक्स से भरपूर आहार लें

प्रोबायोटिक्स अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं, जो गट हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं। गर्मियों में दही, लस्सी, और केफिर जैसे प्रोबायोटिक युक्त खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल करें। ये पाचन को बेहतर बनाते हैं और आंतों में बैक्टीरियल संतुलन बनाए रखते हैं। घर का बना दही या छाछ न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि गर्मी में पेट को ठंडक भी देता है।

### फाइबर युक्त भोजन का सेवन करें

फाइबर आंतों को स्वस्थ रखता है और कब्ज की समस्या से बचाता है। गर्मियों में मौसमी फल जैसे तरबूज, खरबूजा, और आम के साथ-साथ हरी सब्जियां जैसे



खीरा, पालक, और टमाटर खाएं। ये फाइबर से भरपूर होते हैं और पाचन को आसान बनाते हैं। साबुत अनाज जैसे ओट्स, ज्वार, और बाजरा भी फाइबर का अच्छा स्त्रोत हैं। तले-भुने और मसालेदार भोजन से परहेज करें, क्योंकि ये पेट में जलन और अपच का कारण बन सकते हैं।

### खान-पान में सावधानी बरतें

गर्मी में खाना जल्दी खराब हो सकता है, जिससे फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ता है। हमेशा ताजा और साफ-सुथरा भोजन करें। बाहर का खाना खाने से बचें, खासकर कटे हुए फल या स्ट्रीट फूड, क्योंकि इनमें बैक्टीरिया पनपने की संभावना होती है। खाना पकाने से पहले फल-सब्जियों को अच्छे से धोएं। इसके अलावा, भोजन को छोटे अंतराल पर थोड़ा-थोड़ा खाएं, ताकि पाचन तंत्र पर दबाव न पड़े। रात के समय हल्का भोजन करें।



## रिश्ते में भरोसे और प्यार के लिए अपनाएं '3 सी', कभी नहीं होगा विवाद

आज के समय कई रिश्ते दोस्ती से प्यार में और फिर शादी में बदल रहे हैं। मगर विवाह केवल दो स्त्री-पुरुष के बीच का संबंध नहीं है, बल्कि यह दो परिवारों को जोड़ता है। ऐसे में लव हो या अरेंज मैरिज, विवाह को सफल बनाने का दबाव दोनों साथियों पर होता है। ऐसे में जब एक साथी को दूसरे से '3सी' यानी कमिटमेंट, कंपैटिबिलिटी और कम्युनिकेशन नहीं मिलता है, तो रिश्ते में दरार आने लगती है। वह रिश्ते में खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगता है। धीरे-धीरे दोनों के बीच विवाद इतने बढ़ जाते हैं कि यह बंधन टूटने की कगार पर आ जाता है। इसलिए आपके प्यार भरे रिश्ते में '3सी' का मैजिक जरूर होना चाहिए।

### कमिटमेंट

कमिटमेंट यानी वचनबद्धता, यह रिश्ते की नींव होती है। जब दोनों साथी एक-दूसरे के प्रति समर्पित होते हैं तो उनके बीच भरोसा, प्यार और सुरक्षा की भावना गहराने लगती है। वे मिलकर भविष्य की योजनाएं बनाते हैं और उन्हें ईमानदारी से निभाते हैं। वैवाहिक रिश्ते में एक साथी का दूसरे साथी के प्रति कमिटमेंट होना दर्शाता है कि साथी अपने रिश्ते को लेकर कितना गंभीर है। यह भावना दोनों को भावनात्मक रूप से जोड़ती है, जिससे वे एक-दूसरे से खुलकर बात कर पाते हैं। डर और खुशियां साझा करने से संबंध और मजबूत होते हैं और रिश्ता संतुलित तथा स्थायी बनता है।

### कंपैटिबिलिटी

कंपैटिबिलिटी का मतलब है- दो लोगों के बीच आपसी समझ और तालमेल। जब जीवन-शैली, सोच, आदतें और संवाद-शैली में सामंजस्य होता है तो रिश्ता मजबूत और खुशहाल बनता है। कंपैटिबल लोग एक-दूसरे की भावनाओं और जरूरतों को समझते और सम्मान करते हैं। वे खुलकर बात करते हैं, जिससे गलतफहमियां दूर होती हैं। ऐसे रिश्ते में तनाव और टकराव की संभावना भी कम रहती है। ऐसा भी जरूरी नहीं कि दोनों में सब कुछ समान हो, पर जब दोनों एक-दूसरे को स्वीकारते हैं तो रिश्ता गहरा होता है। कंपैटिबिलिटी वैवाहिक जीवन की स्थिरता और संतुलन के लिए आवश्यक है, जो हर रिश्ते में जरूरी है, ताकि आप अपना रिश्ता प्रेमपूर्वक निभा सकें।

### कम्युनिकेशन

कम्युनिकेशन यानी संवाद किसी भी रिश्ते की नींव है, जिस से प्यार, समझ और भावनात्मक जुड़ाव गहरा होता है। जब किसी भी रिश्ते में संवाद की कमी होती है तो गलतफहमियां, नाराजगी और दूरियां बढ़ने लगती हैं। विवाहित जोड़े जब एक-दूसरे से खुलकर बात नहीं करते या एक-दूसरे की बात सुनने में रुचि नहीं दिखाते तो रिश्ता कमजोर पड़ता है। अच्छा संवाद दो लोगों के बीच की दूरी को कम करता है और आपसी विश्वास को मजबूत बनाता है।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर होगा उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के आयोजन को लेकर संघ के पदाधिकारी की बैठक की गई। बैठक में भारतीय ओलंपिक संघ के आग्रह पर 2036 वृक्ष लगाने हेतु तैयारी पर चर्चा की गई साथ ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर सभी खेल के दो उत्कृष्ट खिलाड़ी एक महिला एक पुरुष एवं एक कोच को सम्मान पर चर्चा की गई।

बैठक में छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ विक्रम सिंह सिसोदिया, गजराज पगरिया, उपाध्यक्ष,



आर के श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, अकरम खान सहसचिव, प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव, अवतार जुनेजा कार्यकारिणी सदस्य, डॉ अतुल शुक्ला कार्यकारिणी सदस्य और प्रमोद सिंह ठाकुर कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ हर साल 'अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस' के अवसर पर 23 जून को राज्य में विभिन्न खेल, सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य आम जनता और युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना और उन्हें खेल गतिविधियों से जोड़ना है।

## खेल शिक्षकों से अन्य शिक्षकीय कार्य कराने को अनुचित बताया शिक्षा अधिकारी की बैठक में



**रायपुर।** रायपुर के समस्त क्रीड़ा शिक्षकों की बैठक बुधवार को देवेंद्र नगर स्थित बालाजी विद्या मंदिर में आयोजित की गई। नव नियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी एम जी सतीश कुमार व सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी छाया प्रकाश राव, शिरीष तिवारी, जी स्वामी बालाजी स्कूल व रायपुर जिले


- विषय शिक्षकों की अनुपस्थिती मे खेल शिक्षकों को प्रॉक्सी पीरियड देने को भी बताया अनुचित
- स्कूल शिक्षा विभाग विकासखंड व जिला खेल कैलेंडर पर हुई चर्चा

के समस्त विकासखंड खेल प्रभारियों व जिले के क्रीड़ा शिक्षकों की उपस्थिति में हुई बैठक में वर्ष 2026-27 मे स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर के बारे मे चर्चा की गयी। बैठक में विभिन्न खेलों के लिए स्थान व तिथियों का निर्धारण किया गया साथ ही व्यायाम शिक्षकों को आने वाली विभिन्न समस्याओ पर विस्तृत चर्चा की गयी ।

इस बैठक में शुल्क से प्राप्त क्रीड़ा अंशदान राशि को केवल खेल मद मे खर्च करने को कहा गया। अधिकारियों ने कहा व्यायाम शिक्षकों को खेल पीरियड ना देकर अन्य शिक्षकीय कार्य कराया जाता है जो सर्वथा अनुचित है। बैठक में विषय शिक्षकों की अनुपस्थिती मे क्रीड़ा शिक्षकों को प्रॉक्सी पीरियड देने को भी अनुचित माना गया साथ ही केवल खेल कार्य को क्रीड़ा शिक्षकों की पहली प्राथमिकता कहा गया। इस संबंध मे केंद्र से आधिकारिक आदेश की भी पुष्टि की गयी है, जिसे कुछ दिनों मे संचालनालय स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी होने की उम्मीद जताई गयी है। बैठक में नव पहल करते हुए पहली बार हुए नियमित खेल प्रशिक्षण शिविर की चर्चा हुई जिसकी उपलब्धियों के बारे मे जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया एवं इनके प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत मे आभार प्रदर्शन धरसींवा विकासखंड खेल प्रभारी प्रकाश कश्यप ने किया ।













## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दुआ ने टर्नर के साथ ऑफिशियली अनाउंस की शादी, शेयर की चार खूबसूरत तस्वीरें



ग्लोबल पॉप स्टार दुआ लीपा और एक्टर कैलम टर्नर ने आखिरकार शादी कर ली है। दोनों ने आधिकारिक तौर पर आज सोशल मीडिया पर अपनी शादी की घोषणा की है। दुआ ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की चार खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर यह खुशखबरी अपने फैंस के साथ शेयर की है।

दुआ लीपा ने एक्टर कैलम टर्नर से शादी कर ली है। जिसकी खास झलक दुआ ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। इन तस्वीरों के साथ दुआ ने अपनी वेडिंग डेट को मेंशन किया है। दुआ ने लिखा, '31.05.2026'

दुआ की इस पोस्ट पर गिगी हदीद ने उन्हें शादी की बधाई दी है। गिगी हदीद ने लिखा, 'बेहद खूबसूरत, बधाई हो।' दुआ की इस पोस्ट पर बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने ब्लैक और लाल दिल वाले इमोजी बनाएं हैं।

अपनी शादी में दुआ लिपा ने डैनियल रोजबेरी द्वारा डिजाइन किया गया खास सूट पहना है। इसके साथ उन्होंने मैचिंग ग्लव्स, जूते और एक बड़ी सी व्हाइट कैप पहनी हुई है। टर्नर नेवी सूट और टाई में नजर आए और दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे बेहद खुश दिख रहे हैं। दुआ और टर्नर के फैंस उन्हें लगातार सोशल मीडिया पर शादी की बधाई दे रहे हैं। दोनों कलाकारों का रिश्ता पहली बार जनवरी 2024 में सुर्खियों में आया था। जून 2025 में लीपा ने अपनी सगाई की पुष्टि की थी।

### टॉलीवुड

## रुक्मिणी के साथ फिल्म बनाने जा रहे नानी, लीड एक्टर की तलाश जारी



साउथ के मशहूर अभिनेता नानी अब रुक्मिणी वसंत के साथ एक नई फिल्म बनाने जा रहे हैं। फिल्म के लिए लीड एक्टर की तलाश जारी है। साउथ के अभिनेता और फिल्ममेकर नानी अपने प्रोडक्शन हाउस 'वॉल पोस्टर सिनेमा' के तहत एक फिल्म बनाने की तैयारी कर रहे हैं। खास बात यह है कि इसमें लीड एक्ट्रेस के तौर पर 'कांतारा चैप्टर 1' की अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत को कास्ट किया गया है। खबरों के मुताबिक, इस फिल्म को मुरलीकांत देवसोथ डायरेक्ट करेंगे। इस फिल्ममेकर को पहले अपनी रूरल ड्रामा फिल्म 'थंडोरा' के लिए तारीफ मिल चुकी है।

नानी की टीम अभी स्क्रिप्ट और प्री-प्रोडक्शन के दूसरे कामों पर काम कर रही है। सूत्रों का कहना है कि मुरलीकांत कहानी को फाइनल टच दे रहे हैं और साथ ही सपोर्टिंग कास्ट और टेक्निकल क्रू को भी तय कर रहे हैं। मेकर्स फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले हर पहलू की सावधानी से प्लानिंग कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में एक बड़ी अपडेट फीमेल लीड का चुनाव है। खबर है कि हीरोइन के रोल के लिए एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत को चुना गया है। एक्ट्रेस ने फिल्म का हिस्सा बनने के लिए हामी भर दी है। रुक्मिणी अपनी परफॉर्मेंस के लिए चर्चा में रही हैं।

खबर है कि इस फिल्म के लिए लीड एक्टर की तलाश अभी जारी है। प्रोडक्शन टीम ऐसे सही एक्टर की तलाश में है जो कहानी में फिट बैठे और किरदार में जान डाल सके। हीरो के तय होने के बाद, मेकर्स के इस प्रोजेक्ट के बारे में ऑफिशियल अनाउंसमेंट करने की उम्मीद है।

फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू होने की संभावना है। तब तक टीम तैयारी जारी रखेगी और जरूरी शुरुआती काम पूरे कर लेगी। चूंकि फिल्म नानी के बैनर तले बन रही है, इसलिए फिल्म प्रेमियों के बीच अभी से उम्मीदें बढ़ रही हैं।

### भोजपुरी

## 'मर्द का प्यार नहीं आदत हो जाती है'-काजल पर बोले खेसारी



खेसारी लाल यादव बोले- पवन सिंह ने कहा था कि खेसारी के साथ कभी काम नहीं करूंगा और उसके बाद से मैं इंडस्ट्री में काम कर ही रहा हूं। उन्होंने काजल राघवानी को लेकर भी बातें की और कहा- मैं तो ये कहूंगा कि मर्द का प्यार नहीं आदत हो जाती है। भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव ने एक बार फिर पवन सिंह की तरफ निशाना साधा है। हाल ही में एक पॉडकास्ट पर खेसारी लाल यादव ने काफी सारी बातें की हैं। उन्होंने पवन सिंह पर तीखा वार करते हुए कहा, 'मैं इस इंडस्ट्री में उनके बाद आया लेकिन उनसे अधिक फिल्में की हैं।'

खेसारी लाल यादव पवन को लेकर बोले, 'उन्होंने कहा था कि खेसारी के साथ कभी काम नहीं करूंगा और उसके बाद से मैं इंडस्ट्री में काम कर ही रहा हूं। पवन सिंह के साथ मैंने एक ही फिल्म की है। सच बात सबको अच्छी नहीं लगती। मैं पवन सिंह का चमचा नहीं हूं।'

खेसारी ने काजल राघवानी को लेकर भी बातें की। उन्होंने कहा, 'उस वक्त वो मेरे लिए सही थीं तो आज भी सही हैं। इंसान को प्यार हो जाता है। मैं तो ये कहूंगा कि मर्द का प्यार नहीं आदत हो जाती है। जब प्यार हो तो बेबी-सोना, ब्रेकअप के बाद सब गलत बताते हैं।'

एक्टर ने अपने संघर्ष पर भी बातें कीं। उन्होंने कहा, 'हमारे पास जमीन नहीं थी। हमलोग चाचा के साथ गांव में रहते थे। पिताजी दिल्ली में काम करते थे।'

## सादगी की मिसाल

लाइफ स्टाइल



फैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ़ इंडिया (एफडीसीआई) ने 'भारत टेक्स' में उत्साहजनक भागीदारी दी। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में कपड़ा मंत्रालय द्वारा आयोजित इस शानदार ग्लोबल टेक्सटाइल इवेंट में भारत की टेक्सटाइल वैल्यू चेन और टिकाऊ फ़ैशन को दिखाया गया। जाने-माने डिज़ाइनरों ने इनोवेशन और कारीगरी के मेल से बनी अपनी सादगी से भरपूर नई क्रिएशन पेश की। इस इवेंट को अच्छी प्रतिक्रिया मिली और इसने फ़ैशन की दुनिया में आए बदलावों को उजागर किया।

## क्या आप भी स्किन पर लगाते हैं परफ्यूम तो जानिए इससे होने वाले साइड इफेक्ट्स

गर्मी का मौसम है। इस मौसम में हर कोई परफ्यूम को अपना दोस्त बना लेता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में पसीना काफी ज्यादा आता है, जिस कारण शरीर में से बदबू आने लगती है। ऐसे में परफ्यूम इस बदबू से आपको छुटकारा दिलाता है।

ऐसा माना जाता है कि यदि परफ्यूम को स्किन पर लगाया जाए तो इसकी खुशबू लंबे समय तक टिकती है। इसलिए लोग कलाई या फिर गर्दन पर इसे लगाते हैं। पर, क्या आप जानते हैं कि स्किन पर परफ्यूम लगाना आपके लिए खतरनाक हो सकता है। यहां हम आपको स्किन पर परफ्यूम लगाने के नुकसान आपको बताने जा रहे हैं।

### एलर्जी की संभावना

यदि आप स्किन परफ्यूम लगाते हैं तो उसमें मौजूद केमिकल्स स्किन पर रैश, खुजली, लाल चकत्ते या जलन का कारण बन सकते हैं। कई बार तो सस्ते परफ्यूम की वजह से



दिक्कत इतनी बढ़ जाती है कि डॉक्टर तक की सलाह लेनी पड़ सकती है। इसलिए जितना हो सके स्किन पर परफ्यूम लगाने से बचें।

### डार्क स्पॉट्स

हम सभी पूरी तरह से तैयार होने के बाद ही परफ्यूम लगाते हैं। ऐसे में यदि आप स्किन पर परफ्यूम लगाकर तुरंत बाहर जाएंगे तो फोटो सेंसिटिव रिएक्शन हो सकता है। इसकी वजह से स्किन पर काले धब्बे हो सकते हैं। पिग्मेंटेशन की वजह से आपका लुक भी खराब हो सकता है। इसलिए यदि स्किन पर परफ्यूम अप्लाई कर रहे हैं तो तुरंत बाहर न निकलें।

### बढ़ेगी त्वचा की ड्राईनेस

अक्सर जब हम स्किन पर परफ्यूम अप्लाई करते हैं तो अल्कोहल-बेस्ड परफ्यूम स्किन से नैचुरल नमी खींच लेता है। इस कारण त्वचा अपने आप रूखी हो जाती है। इसकी वजह से स्किन तो काफी डल हो जाती है। इसलिए स्किन पर परफ्यूम लगाने से बचें।


### स्किन पर होगी इरिटेशन

ज्यादातर लोग गले पर परफ्यूम लगाते हैं या फिर कलाई पर। ऐसे में एक ही जगह पर बार-बार परफ्यूम जगह लगाने से स्किन लाल और सेंसिटिव हो सकती है।

## बारिश में रोमांटिक डेट का प्लान है तो पहनें ये



देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून की दस्तक बस होने की है। वैसे भी बारिश का मौसम काफी सुहावना होता है। ऐसे में अपने पार्टनर के साथ खूबसूरत बनकर घूमने की प्लानिंग जरूर करें। फिल्मों से लेकर असल जिंदगी तक में बारिश का काफी महत्व होता है। जैसे ही बारिश का ये मौसम शुरू होता है, वैसे ही आस-पास हरियाली दिखने लगती है। मन भी काफी खुशनुमा सा हो जाता है। ऐसे में लोग इस मौसम में अपने अपनों के साथ समय व्यतीत करना पसंद करते हैं। यदि आप भी बारिश के मौसम में अपने पार्टनर के साथ डेट पर जाने वाली हैं तो अपने कपड़ों का खास ध्यान रखें। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही आउटफिट्स का कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं, जिसे पहनने के बाद आप बारिश में लगेंगी भी बेहद प्यारी और इन कपड़ों को पहनकर आपका लुक सजह रहेगा।



### डेनिम शॉर्ट्स और टॉप

यदि आप कॉटन शॉर्ट्स नहीं पहनना चाहती हैं तो डेनिम शॉर्ट्स को प्राथमिकता दें। इसके साथ टैंक टॉप पहनकर आप अपने लुक को ग्लैमरस बना सकती हैं। इसके साथ पैरों में साधारण चप्पल पहनने की बजाए जूते कैरी करें। बालों को खुला रखेंगी तो आपका लुक ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।



### फ्लोरल मिडी

बरिश के मौसम में आस-पास काफी हरियाली होती है। इसलिए ऐसी फ्लोरल मिडी भी आप कैरी कर सकती है। मिडी पहन रही हैं तो उसके साथ स्लीपर पहनें। बारिश के मौसम में हील्स आपको परेशान कर सकती हैं। ऐसी ड्रेस के साथ बालों को कर्ल करके खुला रखें। इस खूबसूरत से मौसम में यदि आप ब्लू रंग की बॉडीकॉन ड्रेस पहनेंगी तो आपका पार्टनर आप पर से अपनी नजरें नहीं हटा पाएगा। ऐसे में अपने लिए एक ऐसी ड्रेस अवश्य खरीद लें। इसके साथ चाहें तो हल्की हील पहनें, क्योंकि ऐसी ड्रेस के साथ हील्स ही अच्छी लगेंगी। साथ ही में अपने बालों को कर्ल करें।

## कहीं फेशियल के नाम पर आपके चेहरे से तो नहीं हो रहा खिलवाड़

चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के लिए महिलाओं के लेकर पुरुष भी फेशियल कराते हैं। यदि इस ट्रीटमेंट के बाद भी चेहरे की खूबसूरती नहीं बढ़ रही है तो चेक करें कि आपके साथ भी फेशियल के नाम पर खिलवाड़ नहीं हो रहा है।

चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के लिए आज-कल तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट चलन में हैं। इन्हीं में एक है फेशियल। महिलाओं से लेकर पुरुष तक फेशियल से कराकर अपना चेहरा चमकाते हैं। इसकी वजह से चेहरे की डीप क्लींजिंग हो जाती है। ये त्वचा को निखारने और ताजगी देने का एक लोकप्रिय तरीका है, लेकिन यदि इसे सही तरीके से न किया जाए, तो यह आपकी त्वचा के लिए हानिकारक भी हो सकता है।

अक्सर पार्लर में जल्दबाजी के चक्कर में कुछ ऐसी गलतियां हो जाती हैं, जिस कारण चेहरा दमकने के जगह मुरझा जाता है। यहां हम आपको इन्हीं गलतियों के बारे में आपको जानकारी देंगे, ताकि आप भी फेशियल कराते समय ध्यान रखें।



### त्वचा में जलन

यदि फेशियल के दौरान आपके चेहरे पर थोड़ी सी भी खुजली या जलन हो रही है तो इसे इग्नोर न करें। क्योंकि कई बार केमिकल युक्त क्रीमें त्वचा को सूट नहीं करती हैं। ऐसे में खुजली और जलन आपको परेशान कर सकती है। कई बार तो ये दिक्कत इतनी बढ़ जाती है कि आपका चेहरा तक बिगड़ सकता है। इसलिए यदि कोई क्रीम रिएक्ट कर रही है तो उसे तुरंत हटवा दें। फेशियल के दौरान चेहरे पर मसाज की जाती है। यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है तो आपके चेहरे पर इस मसाज से चेहरा लाल हो सकता है।

## ये एक फूल देगा आपके बालों को नया जीवन, कीजिए इसका सही इस्तेमाल

प्रदूषण और खराब लाइफस्टाइल का असर अब लोगों की सेहत के साथ-साथ उनके बालों और त्वचा पर पड़ने लगा है। हम सभी चेहरे का ध्यान तो रख लेते हैं, लेकिन अक्सर बालों की देखभाल करना भूल जाते हैं। ऐसे में आपको एक ऐसे फूल के बारे में जरूर जानना चाहिए, जिसका हेयर मास्क बनाकर आप बालों से संबंधित कई परेशानियों को दूर कर सकते हैं।

यहां बात है गुड़हल के फूल की। इस में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिस कारण कहा जा सकता है कि ये फूल बालों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आइए आपको बताते हैं इसके इस्तेमाल का तरीका और फायदे बताते हैं।

### गुड़हल हेयर मास्क

इस हेयर मास्क को बनाने के लिए आपको सिर्फ दो चीजों की जरूरत पड़ेगी। इसमें पहला तो गुड़हल का फूल है, और दूसरा है दही या फिर एलोवेरा जेल। यदि आपका स्कैल्प ड्राई है तो एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। ऑयली स्कैल्प वाले लोग दही का इस्तेमाल करें।



### मास्क बनाने की विधि

अब बारी आती है इस हेयर मास्क को तैयार करने की। हेयर मास्क तैयार करने के लिए सबसे पहले गुड़हल के फूल को अच्छे से धोकर उसे ब्लैंडर में डालें और पीस लें। इसका आपको एकदम महीन पेस्ट बना लेना है। फूल को पीसने के बाद उसमें थोड़ा सा दही या फिर एलोवेरा जेल अपनी जरूरत के हिसाब से डालें और मिक्स करें। अब ये पेस्ट तैयार है। इसका इस्तेमाल काफी आसान है। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले अपने बालों को खोलकर सुलझा लें।

## कार्नर न्यूज

### बदलते दौर में चलन बढ़ रहा लिप सर्जरी का

## खूबसूरत दिखने अब लोग सहारा ले रहे लिप सर्जरी का, जानें इसका तरीका और संभावित नुकसान

जैसे-जैसे समय बदल रहा है, वैसे-वैसे लोगों के रहन-सहन से लेकर पहनावे में भी काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। एक समय था, जब खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं सिर्फ मेकअप का इस्तेमाल करती थीं, लेकिन आज के समय महिलाएं तरह-तरह के कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट ले रही हैं। इन्हीं ट्रीटमेंट में शामिल है लिप सर्जरी।

जी हां, होंठों का आकार बढ़ाने या घटाने के लिए अब महिलाएं लिप सर्जरी कराना पसंद करती हैं। इससे लुक में काफी बदलाव देखने को मिलता है। कई अभिनेत्रियां नियमित रूप से लिप सर्जरी कराकर अपने लुक को खूबसूरत बनाती हैं। ज्यादातर महिलाओं को इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती, कि ये लिप सर्जरी कैसे होती है और इसके नुकसान क्या हैं। इसी के चलते हम आपको यहां इस सर्जरी से जुड़ी हर बात बताएंगे। ये सर्जरी मुख्यत दो प्रकार से की जाती है, आइए जानते हैं इसके बारे में।

### लिप ऑग्मेंटेशन

जो महिलाएं अपने होंठों का आकार



बढ़ाना चाहती हैं, यानी कि होंठों में उभार चाहती हैं वो लिप ऑग्मेंटेशन कराती हैं। ज्यादातर अभिनेत्रियां इस सर्जरी को कराकर अपने होंठों के आकार में बदलाव करती हैं। इस आसान की सर्जरी में हायलूरोनिक एसिड जैसे फिलर होंठों में इंजेक्शन के जरिए इंजेक्ट किए जाते हैं।

इस प्रक्रिया को पूरा होने में तरकीबन आधे घंटे का समय लगता है। इसे एक बार कराने के बाद इसका असर तकरीबन 8 महीने से एक साल तक तो रहता ही है। जो महिलाएं स्थायी रूप से अपने होंठों को मोटा बनाना चाहती हैं, वो डॉक्टर की सलाह पर सिलिकॉन का इस्तेमाल भी कराती हैं।

### इसके नुकसान

कई मामलों में ऐसा देखा जाता है कि लिप ऑग्मेंटेशन के बाद होंठों पर जलन, लालिमा और दर्द का एहसास होता है। कई मामलों में तो दिक्कत तब सामने आती है जब फिलर की वजह से होंठों का आकार ही बदल गया हो। इसकी वजह से होंठ टेढ़े-मेढ़े दिखने लगते हैं। एलर्जी की थोड़ी सी भी संभावना लग रही हो तो इसे इग्नोर न करें, बल्कि तत्काल ही डॉक्टर की सलाह लें।

### लिप रिडक्शन

इसके नाम से ही आपको क्लीयर हो गया होगा कि इसका काम होंठों का आकार पतला करना है। जिन महिलाओं के होंठ काफी ज्यादा मोटे होते हैं, वो इस सर्जरी के माध्यम से अपने होंठों को पतला कराती हैं। ये भी एक सर्जिकल प्रक्रिया है। जिसमें होंठ के अंदर से अतिरिक्त ऊतक को हटाया जाता है और टांके लगाए जाते हैं। इस प्रक्रिया के लिए व्यक्ति को जनरल एनेस्थीसिया दिया जाता है, ताकि उन्हें किसी तरह का कोई परेशानी न हो।



### इसके नुकसान

लिप रिडक्शन सर्जरी के मामले में कई बार घाव ठीक होने में काफी समय लगता है। यदि इसे सही जगह से न कराया जाए तो टांकों के निशान रह जाते हैं, जो देखने में अजीब लगते हैं। इससे कई बार बोलने में भी दिक्कत होती है।

### इन बातों का ध्यान रखकर कराएं सर्जरी

यदि आपका लिप सर्जरी कराने का मन है तो सबसे पहले तो एक अच्छे कॉस्मेटिक डॉक्टर की सलाह लें। वहां जाकर अपना टेस्ट कराएं कि आपकी स्किन सर्जरी के लिए सही है या नहीं।